SHR1 KAPIL S1BAL : That is the issue before this Nation. Very strangely, Mr. Jethmalani talked about what Sardar Patel has said about the RSS. He said, "I admire Sardar Patel." I am happy, at least once, he has admired a Congressman. But this is what Sardar Patel has said about the RSS. I want to bring it on record. This is what he has said on the Government's circular because this original circular was pursuant to the Bombay Government's circular. This is the circular of 1986. This is what Sardar Patel has said. I am reading from the Sardar Vallabh Bhai Patel collective works book, Volume 13, the same book which my learned friend referred to. I am referring to an article published in the "The Hindustan Times" on the 18th January, 1948. It starts from page 51 and the reference is made at page 54. A question was put to Sardar Patel,

> "..Whether he could approve of the reported action of the Government of Bombay banning the employment of the RSS men in the Government service."

Sardar Patel said,

> "If it was true that the Government of Bombay had taken such a step, then, they would be right because it was not proper for the Government servants to idedntify themselves with a communal organisation."

This is what Sardar Patel himself has said. I think it would be important for me to give a couple of more quotes on this because it will again set the record straight. Again I am referring to the Sardar Vallabh Bhai Patel collective works book, Volume 14, again a report of "The Hindustan Times" dated 15th February, 1949. It starts from page 44; and I am reading from page 46. He says,

> "The RSS movement had now been withdrawn. No consideration whatsoever should be shown to the Government servants involved in the RSS activities."

They are followers of Sardar Patel. They say, "He hasn't got his rightful place in history." But they should give him his rightful place in history by abiding what he has said.

Madam, let me tell you another interesting aspect on what Sardar Patel said of RSS. I am reading now from this very volume, again reported

in The Hindustan Times of 6th March, 1949. I am reading from page 83. "They say that I sent RSS people to jail. Do you know why I had to do it? You will recall that there was a time when people called me a supporter of RSS. To some extent that was true because these young men were brave, resourceful and courageous;"...

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Yes.

SHRI KAPIL SIBAL: ..."but they were a little mad. I wanted to utilise their bravery"...*(Interruptions).* Why are you agitated? I am only quoting Sardar Patel to you.

श्री मोहम्मद सलीम : उन्होंने जो बात क्वोट की है, उसे आपको प्रमाणित करने की ज़रूरत नहीं है ।

SHRI KAPIL SIBAL: "I wanted to utilise their bravery, power and courage and cure them of their madness by making them realise their true responsibilities and duties. It is that madness that I want +o eradicate." It is this madness of the RSS that we want to eradicate.

Madam, we are told again and again that this is a social and cultural organisation. We all know their views on the CTBT. Is that a social issue? We all know about their views about changing the Constitution. Is that a social or a cultural issue? We all know about their opposition to the Insurance Bill. Is that a social issue? We all know what they did in respect of art. We all know what they did to MF Hussain's works. We all know what they did recently in Varanasi with reference to *Water.* Is that a cultural activity to stop a film which has been cleared by the Minister of Information and Broadcasting? Is that part of the Indian culture? Is that part of the Indian tradition or is it contrary to the Indian tradition? They do not understand what true Indian culture is. That is what I want to say. They are the true enemies of Indian culture. Do you know what secularism really is? I think it is time they understood it. Secularism is • synonymous with tolerance. Secularism is nothing short of tolerance. Even the Mohamad of Gajni might have come to this country and invaded us arid the British might have come; but nobody was able to conquer us in that sense. Our culture, our spirit, our soul could never be conquered by them. Why? Because we are a tolerant people. That is what Hinduism stands for, that is what the Indian culture stands for. You lack in both the understanding of Hinduism and the understanding of the Indian culture.

Madam, one last thing 1 want to say and then I have done. This is not a time, a stage, in the history of our country that we should be fighting and raising this kind of issues in Parliament. It is time for us to get together and deal with the ordinary problems of ordinary people. This is not a time to further our political agendas by spreading poison and venom in the arteries of the Indian polity. I wish the Government of India realised it. If it does not withdraw this circular, it is not going to end with this debate because it relates to the future of all Indians in this country. I would have thought, after this kind of evidence and this kind of literature which is being sold throughout this country through the RSS, that the Government would, in fact, raid the RSS because it is a communal organisation and ban the RSS because it is a communal organisation. Mr. Jethmalani has said that we do not listen to the verdicts of the Supreme Court. Let me tell you what the Supreme Court has said on this.

I am referring to one judgment, and with this, I will end my part of the discussion. I am referring to a judgment of the Supreme Court reported in 1983, 2 Supreme Court Cases 145. Madam, the issue that arose before the Court was that an individual wanted to join Government service but he was a member of the R.S.S. or he sympathised with the R.S.S. before he joined the Government service, and when this came in the way and he was not allowed to join Government service, he filed a petition in the Court that it is very unfair. As I said the other day, a person is entitled to his beliefs. Even the R.S.S. is entitled to its belief. But when he became a Government servant and he was not allowed to become a Government servant, he challenged it and the Supreme Court said: "This is wrong. Merely because a person holds his private views before he becomes a Government servant, you cannot hold it against him. But after he becomes a Government servant, the situation is different." I will read out the last paragraph of this judgment.

> "We are not for a moment suggesting that even after entry into Government service, a person may engage himself with political activities. All that we can say is that he cannot be turned back at the very threshold on the ground of his past political activities. Once he becomes a Government servant, he becomes subject to the various rules regulating his conduct, and his activities must naturally be subject to all rules made in conformity with the Constitution of India."

Mr. Ram Jethmalani should brush up his law. Thank you very much.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, I have the new tally of the time for the House. BJP will have 23 minutes, CPI(M) will have 9 minutes, and I have one name, Telugu Desam will have 9 minutes, Janata Dal will have 5 minutes, DMK will have 5 minutes, RJD will have 5 minutes, SP will have 5 minutes, CPI will have 5 minutes, AIADMK will have 3 minutes, Shiv Sena will have 3 minutes, SAD will have 6 minutes because their three minutes have not been utilised, UPG will have 12 minutes because they did not utilise their three minutes, and others, I am adding because their time was taken away before.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL): Madam, how much time has been given to the Congress party?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Thirty-three minutes.

SHRI O. RAJAGOPAL: How much time is left?

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will calculate. Others will have 25 minutes in which now I will ask them to speak because these are all second speakers. They did not speak as the first speaker. So, I will call Shri Gandhi Azad. *(Interruptions)* Let me give a chance to those people who did not speak. Let Mr. Gandhi Azad speak and then I will allow Mr. Balwant Singh Ramoowalia.

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद महोदया ।

उपसभापति : आपका एक मेम्बर पहले बोल चुका है । आठ मिनट आपके हिस्से में आएंगे, कृपया आप उसी में बोलें ।

श्री गांधी आज़ाद : मैं एक अनुशासित सिपाही हूं, मैं एकदम समय के अनुसार बोलूंगा । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ क्या है और क्या करता है मैं इस चर्चा में नहीं जाना चाहता हूं । लेकिन मैं आर.एस.एस. के माध्यम से हिंदुत्व की रक्षा करने वाले लोगों से इस सदन के माध्यम से बड़े विनम्र भाव से कुछ सवाल करना चाहता हूं । इस देश में स्वयं को हिंदू कहलाने वाला बड़ा समूह जिसे आज अनुसूचित जाति-जनजाति कहा जा रहा है, इंसान होते हुए भी जब जानवर से बदतर जीवन जीने को मजबूर किया गया तो आपका

हिंदुत्व कहां रहा? इस देश में स्वयं को हिंदू कहे जाने वाले लोगों को छूने मात्र से ही पाफा लग जाता रहा और आज भी इस देश में कुछ क्षेत्रों में यह अभिशाप विद्यमान है तब आपका हिंदुत्व क्या करता रहा ? इस देश में दलित समाज, जो स्वयं को हिंदू कहने में गर्व महसूस करता है उसे गोबरहा खाने पर मजबूर किया गया तब आपका हिंदुत्व क्या करता रहा? इस देश में जब दलित हिंदुओं को मरे पशुओं को, गाय, भैंस का मांस खाने के लिए मजबूर किया गया तब आपको हिंदुत्व की रक्षा का ध्यान नहीं रहा? इस देश के दलितों को मन्दिर तक में जाने से वर्जित किया गया तो आपका हिन्दुत्व क्या करता रहा? इस देश में पूरे दलित समाज को पढ़ने-लिखने के अधिकार से वंचित किया गया, धन रखने के अधिकार से वंचित किया गया तो आपका हिन्दुत्व क्या करता रहा ? खैर, इस सवाल के साथ ही अब मैं अगले सवाल पर आता हूं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का देश की किसी राजनीतिक पार्टी से कोई संबंध है या नहीं और यदि किसी राजनीतिक पार्टी से संबंध है तो वह किस सीमा तक है ? राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का, पहले जनसंघ कहे जाने वाले दल और वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी से अटूट संबंध है। इसका कोई प्रमाणित तथ्य हो या नहीं हो, आज देश के किसी भी भारतीय नागरिक से अगर पूछा जाए तो वह साफ और स्पष्ट कहेगा कि इन दोनों में उसी तरह का संबंध है जैसे एक पेड़ के तने का जड़ से संबंध है। जैसे पेड़ को सारी खुराक जड़ से मिलती है लेकिन जड़ अदृश्य रहती है, दिखाई नहीं देती है, उसी तरह से आर.एस.एस. भाजपा रूपी राजनीतिक दल के पेड़ के जड़ के रूप में हैं वह अदृश्य रहता है । लेकिन उसका संबंध भारतीय जनता पार्टी से है और अटूट संबंध है । जब बी.जे.पी. एक राजनीतिक संगठन है और इसमें सरकारी कर्मचारियों को भाग लेने की मनाही है तो जो आर.एस.एस. भाजपा को खुराक पहुंचाने वाला संगठन है, उसमें सरकारी कर्मचारियों को भाग लेने की इजाज़त कैसे दी जा सकती है? हमें भारतीय संविधान पर बड़ा गर्व है क्योंकि हमारे संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं न्याय पर आधारित समाज की संरचना करने की व्यवस्था दी गई है। इस बात को और पुख्ता करने के लिए हमारे संविधान के शिल्पकारों ने कुछ अधिकारों को मौलिक अधिकारों के रूप में मान्यता प्रदान की है। किन्तु उसके लिए भी एक समय सीमा निर्धारित की गई है कि उस सीमा का उल्लंघन करना संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन करना है। मैं इसके साथ साथ इस सदन के माध्यम से बताना चाहता हूं कि आज देश के कुछ हिस्सों में नियम, कायदे कानून और संविधान को ताक पर रख कर जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत को चरितार्थ किया जा रहा है। जैसे कि अभी कन्नौज के उप चुनाव में वोट की लूट कर के एवं जनतंत्र का गला घोंट कर के विजय का जश्न मनाया जा रहा है किन्तु सरकार ऐसे लोगों के मंसूबों को रोक पाने में

असहाय और असफल प्रतीत होती है । हमारे संविधान में हर तरह की व्यवस्था दी गई है कि सरकारी कर्मचारियों को क्या करना चाहिये, क्या नहीं करना चाहिये तो आम जनता को जो सरकारी कर्मचारी नहीं हैं उन्हें भी क्या करना चाहिये और क्या नहीं करना चाहिये इस परिप्रेक्ष्य में सरकार से मैं जानना चाहता हूं कि यदि गुजरात की सरकार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में सम्मिलित होने के लिए राज्य कर्मचारियों को अनुमति प्रदान करती है, तो सवाल उठता है कि राज्य कर्मचारियों को राजनीतिक दलों में सम्मिलित होने की अनुमति क्यों नहीं दी जाए ? धन्यवाद ।

उपसभापति : रामूवालिया जी । ...(**व्यवधान**)... कौशिक जी, आपका नाम भी लिखा हुआ है । आप दूसरे स्पीकर हैं आपकी पार्टी के । जिस पार्टी से अभी एक भी सदस्य नहीं बोले हैं पहले उनको बुलवा लें । फिर आपका समय पांच मिनट है, आप बोल दीजियेगा ।

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभापति जी, यह अति गंभीर विषय है जिसमें देश के बड़े-बड़े अनुभवियों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं । मेरा बहुत सीमित अनुभव है लेकिन कुछ चीजें जिनसे भारत की संस्कृति, भारत के विभिन्न धर्मो और भारत के भविष्य पर दूर तक असर होने का खतरा है उस फिक्रमंदी से मैं कुछ कहना चाहता हूं । कड़वापन देश में बढ़ता जा रहा है । आर.एस.एस. के मुद्दे पर बहुत बातें हुई लेकिन इस बात से मुनकिर नहीं हुआ जा सकता कि आर.एस.एस. के मुद्दे पर बहुत बातें हुई लेकिन इस बात से मुनकिर नहीं हुआ जा सकता कि आर.एस.एस. की पिछले कुछ समय से अपनी गतिविधियों में लाई तेजी से देश में मुकम्मिल कड़वेपन का वातावरण उसर गया है । बहुत अनुभवी लोग हैं जो आर.एस.एस. के मित्र हैं जो आर.एस.एस. की बात पर हां करते हैं । लेकिन देखने की बात है कि आर.एस.एस. वालों ने चार प्रदेशों में चुनाव होने से पहले अपनी गुजरात वाली बात को तेज किया । मैं शुरू में ही मश्विरा दूंगा अपने भाइयों को जो आर.एस.एस. की बात को बहुत उभारते हैं कि यह तजुर्बा आपका फेल हो गया । आपने चार प्रदेशों में जीत हासिल करने के लिए जल्दी जल्दी जो छोड़ा था गुजरात में वह फेल हो गया । आपको चारों प्रदेशों में कुछ भी हाथ नहीं लगा । चारों मुख्य मंत्री और बन गए । इसी पर देख लीजिए । अब आप इतिहास की सुई को पीछे नहीं धकेल सकते । भारत के इतिहास की सुई और सच्चाई की सुई है कि भारत में अनेकता में एकता है । यह हमारे देश का एक शुभ लक्षण है । भारत एक गणतंत्र है, भारत एक सेक्यूलर गणतंत्र है । भारत में भिन्न भिन्न सभ्यताएं हैं । सभी हम जितने यहां बैठे हैं, भारतीय भी हैं लेकिन सभी को यह भी गौरव है कि है मैं तेलुगू हूँ, तमिल हूँ, पंजाबी हूँ, बंगाली हूँ, उडिया हूँ और कन्नड़ भी हूँ । दुनिया में मुझे नहीं पता कितने अजूबे हैं मैडम, लेकिन एक बात सच है कि दुनिया में

सबसे बड़ा अजूबा जो है वह है भारत में अनेकता में एकता । आर.एस.एस. वाले सज्जों की और विभिन्न भाषाओं के बावजूद एकता है । आर.एस.एस. का जो अभी पढ़कर सुनाया गया है, जो हमारा भी अनुभव है, सीमित है जैसा कि मैंने शुरू में ही कहा, यह कड़वापन बढ़ाता है और भारत का दुनिया में अनेकता में एकता का जो अजूबापन है उसे बरबाद करता है । यह देश सेवा नहीं, देश की कुसेवा है । देखिए मैं जोर देना चाहता हूं, बहुत बड़े लोग बैठे हैं । अभी यह कहा जा रहा है कि यह संगठन राजनीतिक नहीं है, सांस्कृतिक एवं धार्मिक है । यही तो बीमारी है जिसने बरबाद कर दिया है देश । मैं सीधी बात कहना चाहता हूं आपके माध्यम से । एक दिन लुधियाना के पास – बहुत गंभीरता से सुनेंगे मेरे भाई -72 आदमी ट्रेन से निकाले गए । पगडी वाले और दाढ़ी वाले सिक्ख उनको अलहिदा कर दिया और हिंदुओं को अलहिदा कर दिया । कहा कि हिंदू अलहिदा आ जाएं । हिंदू अलग हो गए । कहा कि आप हिंदू हो और क्डिक क्डिक करके 72 के 72 कत्ल कर दिए भिंडरावाले ने । जब उससे पूछा कि यह क्या किया । उसने कहा कि मुझे तो पता नहीं मैं तो सांस्कृतिक और धार्मिक संस्था का मुखी हूं । आप सोचिए अगर कल को दस और भिंडरवाले पैदा हो जाएं , कल को मुसलमानों में कुछ ऐसे पैदा हो जाएं और बंदूक , मोटर साइकिल और राइफल लेकर ठूं-ठूं करके कत्ल कर दें और कल को वे भी कह दें कि हमें तो पता नहीं, यह तो सांस्कृतिक और धार्मिक काम है? तो क्या बेगुनाहों की लाशों के ढ़ेर लगाना सांस्कृतिक और धार्मिक काम है और भिंडरावाले का यह काम पसंद कर हम उसको गोल्ड मेडल दे देते । मेरा यह प्रश्न है । एक और बात कहना चाहता हूं । यह है जो इसका असर हो रहा है । हम भिंडरावाला से लड़े । मेरे 7 रिश्तेदार कत्ल हुए । आज भी लड़ रहा हूं । लेकिन आज भी कनाडा, इंग्लैंड में, अमरीका में, हिंदुस्तान में, मेरी हाथ जोड़ कर विनती है, देश वालो सुन लो, बहुत बर्बादी मेरे देश को तोड़ने की हो रही है और वह भी संस्कृति और समाज के नाम पर । अभी एक कैलेंडर का झगड़ा सिखों में है । मैं आपके सामने लाता हूं कि कैलेंडर का झगड़ा सिखों में क्या है । कोई झगड़ा नहीं । श्री गुरु ग्रंथ साहब में 8300 दफा राम भगवान की महिमा है, श्री गुरु ग्रंथ साहब में 7500 दफा भगवान कृष्ण की महिमा है और पांचाली को राज सभा में तुम ही गत दियो, सतयुग ते मानियो, छलियो बल बावन भयो, त्रेते ते मानियो, राम रघुवंश कहाइयो, द्वापर कृष्ण मुरारी कंस कृतार्थ कियो, सब भगवान का नाम है । लेकिन आज संस्कृति और धर्म के नाम पर एक कैलेंडर निकाला जा रहा है, वह भी प्रकाश सिंह बादल के हाथ के नीचे जिसकी बादल मदद करते हैं, भारत के एक मुख्य मंत्री । और वह कैलेंडर कहता है कि हम हिंदू नहीं और कोई बात उसमें नहीं है । एक ही जोर है कि सिख हिन्दू

3.00 P.M.

नहीं । हम कब कहते हैं कि सिख हिन्दू है । लेकिन सिख हिन्दुओं का हिस्सा है, हिन्दुओं की जड़ से है, हिन्दु वृक्ष के साथ है और भारत में है । अब कैलेंडर क्या कहता है कि दीपावली दो होगी । एक सिखों की और एक हिन्दुओं की । अरे, 500 वर्ष से तो एक ही दीपावली थी, अब कहता है कि गुरु नानक देव जी का गुरुपर्व जो हिन्दु धर्म के कैलेंडर विक्रमी सवत से है, वह नहीं होगा दूसरा और होगा । जब उसका मुकाबला किया तो बादल साहब भी आगे लेट गए । बोले कि यह तो सांस्कृतिक और धार्मिक संगठन है, मैं क्या कर सकता हूं । अरे सिखों को तोड़ दो, मुल्क को तोड़ दो, देश को तोड़ दो, 500 वर्ष की हमारी एकता तोड़ दो, हमारा सुनहरा इतिहास तोड़ दो और तुम कहते हो कि कैलेंडर कोई चीज़ नहीं है ।कैलेंडर की मदद हो रही है । यह भी एक खतरनाक चीज़ है । मैं एक बात और कहना चाहता हूं । मैं जिन्दगी में कभी गलत बात नहीं कहता । बहुत डरता हूं । यह तो बहुत पवित्र है, हम इसे कभी भी गलत नहीं कहते । एक बैंक आफिसर लगा लें, यह असर होना शुरू हो गया है । मैं सरकार से कहता हूं, मैं नाम बता दूंगा जब चाहेंगे । 15 दिन पहले एक मीटिंग हुई । मुझे दर्द है कि यह क्या हो रहा है । एक मीटिंग हुई 15 दिन पहले, मैं उसका जिक्र बाद में करूंगा । संस्कृति बचाने वाले बहादुर होते हैं । ब्लू स्टार आपरेशन के समय मैं अंदर था । मेरे सामने गोलियां चल रही थीं । मेरे सामने हर पांच मिनट के बाद लाश गिरती थी । हमारे ऊपर भी गोलियां आई । 5 जून को शाम के 6 बजे 5 खालिस्तानियों ने हाथ में बंदूक लिए लौंगोबाल को घेर लिया । टोहरा साहब यहां हैं नहीं, वह भी साथ थे, मैं भी इनके पास बैठा था, अब हम अलाहिदा – अलाहिदा हैं । मैं इनके पास बैठा था । पांच आदमियों ने संत लौंगोवाल को कहा, यह एक डिब्बा है, इसके सामने बोलो कि खालिस्तन घोषित किया जाता है । 5 जून, 1984 की वह तारीख, संत लौंगोवाल को मैं आज भी सैल्यूट करता हूं । उसने कहा मुझे गोली से उड़ा दो, मैं खालिस्तान की घोषणा नहीं करूंगा । वहां कोई मित्र नहीं था । उनके पास ए.के. – 47 बंदूकें थीं और लौंगोवाल अकेले थे । हम सब बे – हथियार बैठे थे । टोहरा साहब ने बहुत ध्यान से कहा, आ गए टोहरा साहब, इन्होंने कहा, बेटा यह जंग सिखों के लीडर भिंडरावाला और इंदिरा गांधी में है । हमारा यहां क्या रोल है, उनसे बात हो चुकी है । आप उनसे बात कर लो । जो-जो वह कहेंगे, हम कह देंगे, इन्होंने कहा । इससे क्या हुआ, वे चले गए । बाद में गोलियां इतनी आ गई कि गोलियों की बारिश हो गई किंतु वे आए ही नहीं । वरना संत लौंगोवाल के शहीद होने के बाद इस देश को गौरव करना चाहिए था कि उन्होंने खालिस्तान की बात मुंह से नहीं कही । यह करेज हैं, यह बहादुरी है । अब मैं

कहना चाहता हूं, देखिए अगर आप एक हाथ वाले और छुरी वाले को कहेंगे कि यह भोला-भाला है, तो तलवार वाला भी भोला-भाला होगा । अगर मैं गुड़ खाऊं और दूसरे को कहूं कि गुड़ मत खाओ तो मुझे क्या अधिकार है?

महोदया, मैं एक घटना का यहां उल्लेख करना चाहता हूं । 15 दिन पहले 53 नंबर कमरे में एक अफसर ने कहा, देखिए क्या हो रहा है मुल्क में, कहां जाएंगे हम ? मैं ने कहा पंजाब एंड सिंध बैंक में ये अकाली आप के मित्र हैं, चैयरमेन कोई सरदार जी लगा दीजिए । वह बैंक में आता है तो ठीक है अदरवाइज बादल साहब को, तोहड़ा साहब को प्रॉब्लम होगा । मैं ने उन्हें यह कहा । एक आई.ए.एस. अफसर ने मुझे कहा, देखिए असर हो रहा है। मैं रिकॉर्ड पर लाता हूं । उस ने कहा, रामूवालिया जी सरदार जी को सी.एम.डी. लाना बहुत मुश्किल है । मैंने कहा क्यों ? वह बोले पहले ही एक ई.डी. सरदार जी लगाने की सोच रहे हैं और चूंकि ई.डी. सरदार होगा तो सी.एम.डी. सरदार जी कैसे होगा? मैं ने उन से हाथ जोड़कर कहा, किसी और से यह न कहना । वह बोले, क्यों? मैंने कहा, मैंने सुन लिया और किसी से न कहना वरना मर जाएंगे । मैं ने बताया वित्त मंत्री, दो राज्य मंत्री, आप, आप के नीचे दो एडीशनल सेक्रेटरी, 6 जॉइंट सेक्रेटरी, 9 डायरेक्टर, 15 डिप्टी सेक्रेटरी – सभी हिंदू हैं । वह खालिस्तानी कहेंगे, हमारे दो बर्दाश्त नहीं हैं जब कि आप के 35 हैं । इसलिए ये बात न करना । मैं कभी ऐसी बात नहीं कहता । मैं कड़वी बात नहीं कहता,मगर दिल पर पत्थर रखकर आज कह रहा हूं ।

महोदया, एक बात और कहना चाहता हूं । आर.एस.एस. में टॉलरेंस की बात बहुत चल रही है और 'जीरो टॉलरेंस' की बात चलती है तो कहते हैं कि, जीरो टॉलरेंस करो । ठीक है, Zero tolerance towards terrorism, zero tolerance towards corruption मगर आप भी कभी टॉलरेंस करें । आप न तो अकलियतों को बर्दाश्त करने को तैयार हैं, न अकलियतों कि भाषा को बर्दाश्त करने को तैयार हैं । मैं कहना चाहता हूं कि यहां से कोई भी नहीं निकलेगा उल्टे आप को ही तकलीफ होगी । तोहड़ा साहब बुरा न मानिए, मैडम मैं आप के माध्यम से कहना चाहता हूं कि कभी जूते से कल्चर नहीं चलती, कभी धक्के से कल्चर नहीं चलती, कभी धक्के से धर्म नहीं चलता । वह तो औरंगजेब भी नहीं चला सका और जब भिंडरावाले जिंदा थे और जूते से कहते थे, दाढ़ी बढ़ाओ । मैडम, मैं दाढ़ी बांधता हूं, वह दाढ़ी खुली रखते हैं, लेकिन हम दोनों दाढ़ी वाले हैं । बारीक-बारीक दाढ़ी ड्राइवर, कंडक्टर ने रख ली, लेकिन भिंडरावाले की मौत के बाद, बुरा न मानिए 65फीसदी 15 साल से 25 साल के उम्र के सिख नौजवानों ने दाढ़ी कटवा दी है । कहां गयी वह, कहां गया जूता? यकीन मानिए, आप की गवर्नमेंट है, गुजरात में भी गवर्नमेंट

है, 'आरजी' दाढ़ी बढ़ेगी, लेकिन कट भी जाएगी, यह 'आरची' चलेगी नहीं । मेरा इशारा काफी है ।

मैडम, मेरे कहने का मतलब यह है कि यह कैसे चलेगा? आप के मित्रों को भी तकलीफ है कि आप ने किस टेस्ट में डाल दिया । ये आप के मित्र बहुत अच्छे हैं, शासन में हैं, झंडे झूलते हैं, मगर आप दूसरे हाउस में 184 के अंतर्गत बहस कराने के लिए इसलिए तैयार नहीं हैं कि हमारी चोरी पकडी जाएगी ।

श्री टी. एन. चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश) : आप दूसरे हाउस का जिक्र नहीं कर सकते ।

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया : मैंने नाम नहीं लिया, मैं ने असली नाम नहीं लिया । दूसरे हाउस में 184 के तहत इसलिए डिस्कसन नहीं चल रहा क्योंकि पकड़े जाएंगे ।

मैडम, मैं एक बात बहुत संक्षिप्त में कहना चाहता हूं । आप के ऐसे काम से फिर आप की शाखाएं बढ़ती जा रही हैं। कल लखनऊ में इसी झगड़े के लिए हम पर लाठीचार्च हुआ । पंजाब यूनिवर्सिटी में भिंडरावाला के आदमी अखंड पाठ रखना चाहते थे । हम तो खुद पाठ रखते हैं, वाणी करते हैं, मगर यूनिवर्सिटी में ही क्यों ?

दो चीजें आखिर में कहनी हैं, एक तो यह कि आप देश में परिवार नियोजन की बात कर रहे हैं, बाकी परिवार नियोजन बाद में कर लेना, संघ परिवार का परिवार नियोजन जल्दी हो, यह बहुत आवश्यक है, अतिआवश्यक है । यह जो फिज़ूल शाखाएं हैं, इनको आप बंद करें, नियोजन हो गया । एक और बात जो बहुत जरूरी है वह यह है कि पंजाब में भी कड़वापन तब हुआ जब हम रियालिटी से दूर गए । सिखों के लीडर तोहड़ा साहब यहां बैठे हैं, मैं समझता हूं कि 1947 में 139 गुरुद्वारे पाकिस्तन में रह गए, इतिहास है, और 45 लाख एकड़ ज़मीन सिखों की वहां रह गई । गुरुद्वारे वहां रहेगा और इसे कोई नहीं तोड़ सकता । कई मुसीबतें आई, बहुत कुछ हुआ मगर इस हिन्दू-सिख रिश्ते को न औरंगजेब तकसीम कर सका, न पाकिस्तान बनना तकसीम कर सका, न खून की नदियां तकसीम कर सकीं, न छुरी और बरछी तकसीम कर सकी, न मुसीबत तकसीम कर सकी और न ही अंग्रेज़ तकसीम कर सके, मगर 1955-56 में जब कुछ लोगों के कहने पर कुछ दोस्तों ने अपनी मातृभाषा हिन्दी लिखवा दी तो हिन्दी लिखने से बंट गए । यह किसने किया था? यह भी दुख की बात है ।

महोदया, इतिहास बताता है कि हम गलती को मानते रहे हैं। 1967 में जनसंघ ने पंजाब में एक रेज़ोल्यूशन किया, जब कांग्रेस को निकालकर संत फतेह सिंह जी, सी.पी.एम. के नेता सुरजीत सिंह, तोहड़ा जी, बलदेव प्रकाश जी और जनसंघ, सबने मिलकर गवर्नमेंट बनाई तो पहला रेज़ोल्यूशन आया, जो मैं आज कह रहा हूं, जनसंघ ने कहा कि पंजाबी को मातृभाषा न मानना ऐतिहासिक भूल थी। आप भी कोई ऐसी भूल ठीक कर लो – गुजरात में यह जो भूल हुई है, उसको वापिस कर लो, ठीक कर लो या फिर ऐसा कीजिए, मैं देश के सामने मुद्दा छोड़ता हूं कि परिभाषा बदल दीजिए। धार्मिक और राजनीतिक संगठनों की या तो नई परिभाषा लिख दो या फिर आर.एस.एस. को एक्टिविटी बंद करनी चाहिए। या तो लिख दो कि जो जितने भी आदमी ज्यादा कत्ल करे, जितना गरम बोले, दूसरे धर्म को गाली दे, जितना ऐनटॉलरेंट हो वह उतना ही सांस्कृतिक है या तो यह परिभाषा बना दो। मेरा हाऊस से आग्रह है कि या तो यह परिभाषा बदली जाए या फिर इसी परिभाषा को ऐन्डोर्स करो की सांस्कृतिक वह है, धार्मिक वह है जो रुहानियत में रहता है और संस्कृति से, मज़हब से दोस्ती करता है,प्रेम करता है, जिसमें बर्दाश्त का मादा हो, को-एग्ज़िस्टेंस हो – एक दूसरे की बात को मानना, दूसरे का दुख अपना दुख जानना, पड़ोसी को पड़ोसी मानना, पड़ोसी की भाषा को अपनी भाषा मानना। या तो यह परिभाषा है या गोली की और धक्के की परिभाषा है। वर्तमान परिभाषा के होते, संस्कृति और सिदक के होते आर.एस.एस. की धक्केशाही देश के ढ़ांचे में फिट नहीं आती।

महोदया, आपने मुझे समय दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभापति : श्री नरेन्द्र मोहन। आप अपनी पार्टी का समय तीन लोगों में बाटेंगे या आप अकेले ही बोलेंगे?

श्री नरेन्द्र मोहन : जो मेरी पार्टी ने मुझे आज्ञा दी है, मैं उसके अनुरूप कार्य करूंगा। मैं 15 मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा और बाकी का समय दूसरे सदस्यों के लिए छोड़ दूंगा।

उपसभापति : पार्टी ने उनको आज्ञा दी है बोलने की। मैं उनको समय बता रही हूं। 23 मिनट हैं। शिव सेना ने भी अपना टाइम आपको दे दिया है। कुल 26 मिनट हैं। आप आसानी से बोल सकते हैं। I have three names. I have added extra time. I am happy that there is no disruption and that time we never include. In a very nice atmosphere the session is going on, and I would request the House that everybody should speak their viewpoint. It can be answered or replied to by others, if they want to do so. So go ahead.

श्री नरेन्द्र मोहन : उपसभापति महोदया,मैं आपका कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे समय दिया। मेरे काबिल दोस्त सिब्बल साहब ने बहुत से ऐसे मुद्दे उठा दिए जिनका उत्तर देना आवश्यक है। काश, उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इतिहास मालूम होता। चन्द उद्धरण उन्होंने इधर-उधर से ले लिए और कहीं की ईंट और कहीं का रोड़ा जोड़कर उन्होंने अपनी बात सिद्ध करने की चेष्टा की। वैसे वकीलों को यह पुरानी आदत है **...(व्यवधान)...**

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (बिहार) **:** राम जेठमलानी भी वही कर रहे थे।

उपसभापति : अच्छा, अभी चुप रहिए। कोई क्या कर रहा था, उसके बारे में मत बोलिए। उनको बोलने दीजिए।

श्री नरेन्द्र मोहन : महोदया, मैं यहां उन उद्धरणों को प्रस्तुत करना चाहूंगा जिनमें आर.एस.एस. के बारे में गुरु जी के विचार हैं, हेडगेवार साहब के विचार हैं, हेडगेवार साहब के विचार हैं। हेडगेवार साहब एक प्रमुख कांग्रेसी नेता थे। वे अनेक बार जेल गए और उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। लेकिन उन्हें ऐसा लगा, और केवल उन्हें ही नहीं, उनके पहले लोकमान्य तिलक और उस तरह के अनेक नेताओं को ऐसा लगा कि भारतीयता की जो भावना है, उसका सच्चा प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है। अतः उन्होंने यह उचित समझा कि भारतीयता की भावना को जाग्रत करने के लिए एक सांस्कृतिक मंच बनाया जाना चाहिए, राजनीतिक मंच नहीं। जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की घोषणा हुई तब हेडगेवार साहब से कहा गया कि इसका नाम हिंदू मंच रखा जाना चाहिए। किसी ने कहा कि महाराष्ट्र मंच रख लीजिए। उन्होंने कहा कि – "नहीं। हम राष्ट्रीयता से जुड़े हुए हैं। हम इसका नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रखेंगे। हम इसे हिंदू मंच नहीं बनाएंगे"। फिर उन्होंने यह भी कहा कि "हम इसे हिंदू मंच इसलिए नहीं बनाएंगे क्योंकि इससे इसके बारे में अनेक भ्रम उत्पन्न हो सकते हैं।"

महोदया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में जो विशेष उद्धरण मैं यहां दे रहा हूं वह इसी पुस्तक से है। इसे यह नाम क्यों दिया गया ? इस बारे में मैं उन्हीं के शब्द बता रहा हूं। कुछ लोगों ने कहा कि यह नाम ठीक नहीं है। यह राष्ट्रीय कैसे होगा? आप तो हिन्दुओं का संगठन करना चाहते हैं। इस पर परम पूज्य संघ निर्माता ने सबको समझाया और सभी ने यह स्वीकार किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नाम ही सर्वथा उचित होगा। यह 'राष्ट्र' पुस्तक है और श्री दत्तापण्ड हेगड़े ने इसका पुण्य वचन लिखा है और इसमें पूज्य गुरु जी के विचारों को समाहित किया गया है। अतः मैं उन्हीं उद्धरणों को पढ़ रहा हूं।

महोदया, 'हिंदू' शब्द से उनका आशय क्या था, यह भी मैं बताना चाहूंगा । 'राष्ट्र' शब्द से उनका आशय क्या था, यह भी मैं बताना चाहूंगा । 'हिंदू राष्ट्र' शब्द का उन्होंने प्रयोग किया जिसको लेकर इतनी बातें कह दी गई और बिना सोचे-समझे कह दी गई । राष्ट्रीयता की कसौटी की चर्चा करते हुए गुरु जी कहते हैं कि "जब हम कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र है तो कुछ लोग तुरंत प्रश्न करते हैं कि जो मुसलमान और ईसाई यहां रहते हैं, उनके बारे में आप क्या सोचते हैं? क्या वे यहां उत्पन्न नहीं हुए? क्या यहीं उनका पालन-पोषण नहीं हुआ? क्या वे धर्म का परिवर्तन करके परकिय हो गए ?

उन्होंने कहा कि – "नहीं । वे भी इस भूमि की संतान हैं ।वे अपने-अपने धर्म का पालन करें । मैं हिंदू-मुस्लिम एकता के बारे में उन्होंने जो कहा, उसका उद्धरण देना चाहूंगा । इसी 'राष्ट्र' पुस्तक में पेज नंबर 314 में उन्होंने बार-बार यह बात कही है कि – 'सभी अपने-अपने धर्म का पालन करें । यह एक सर्वसारभूत तत्व ज्ञान है जो केवल हिंदुओं और मुसलमानों का ही नहीं है । यह गुरू जी कह रहे हैं । यह जो तत्व ज्ञान है, यह केवल हिंदुओं का तत्व ज्ञान या मुसलमानों का तत्व ज्ञान हो, ऐसा नहीं है । सभी अपने-अपने धर्मो का पालन करें, यह ऐसा सर्व सारभूत तत्व ज्ञान है जो केवल हिन्दू मुसलमान का हो ऐसी बात नहीं है । इस तत्व ज्ञान में आप अद्वैत कहें या कुछ और, यह तत्व ज्ञान कहता है कि एकमेव द्वित्तीय शक्ति है, वह आनन्द है, वही सृजन है, वही रक्षण करती है, वही संहार करती है । अपने ईश्वर की कल्पना उसी सत्य तक सीमित रहे । सभी धर्म वस्तुतः ईश्वर की ओर उन्मुख होते हैं, यह गुरू जी कह रहे हैं । इसके आधार पर यह कहना कि गुरु जी साम्प्रदायिकता की बात कर रहे थे, नितांत अनुचित बात है । उन्होंने साम्प्रदायिकता के प्रश्न पर भी अनेक बार चर्चा की, मैं उन्हीं के शब्द साम्प्रदायिकता के संदर्भ में कहना चाहूंगा । यह मेरे अपने विचार नहीं हैं क्योंकि आज प्रश्न यह कहा जा रहा है कि गुरू जी ने ऐसा कहा है । समग्र दर्शन को गलत ढ़ंग से यहां पर प्रस्तुत किया गया है । लेकिन मैं उन्हीं के शब्द का प्रयोग करूंगा कि साम्प्रदायिक कौन है । गुरू जी फिर कहते हैं – वह लोग साम्प्रदायिक कहे जाएंगे जो देश के प्रति निष्ठा रखते हुए भी शेष समाज से अलग अपने पंथ, बिरादरी, भाषा और तथाकथित जाति के आधार पर सोचते हों और अपने सीमित लाभ तथा राजनीतिक सत्ता के उपयोग के निमित्त ऐसे विशेष अधिकारों एवं सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील हों, जो समाज के सर्वमान्य व्यक्तियों को उपलब्ध न हों । जो दूसरों के साथ घृणा एवं विद्वेष भी करते हों वह साम्प्रदायिक हैं, और जो इनका विरोध करते हैं वह साम्प्रदायिक हैं । जो कभी-कभी हिंसात्मक उपायों का अवलोकन करते हों वह साम्प्रदायिक हैं । जो कभी-कभी हिंसात्मक उपायों का अवलोकन करते हों वह साम्प्रदायिक हैं । ...(**व्यवधान**)... यह पूज्य गुरू

जी ने कहा है उनका उदाहरण दे रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... आप में सुनने की सामर्थ्य होनी चाहिए।

श्री मोहम्मद सलीम : आप गुरू जी की बात क्यों नहीं मान रहे हैं...(**व्यवधान**)...

श्री नरेन्द्र मोहन : मैड्म, यह नहीं सुनना चाहते हैं।

उपसभापति : यह बोल रहे हैं तो बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री नरेन्द्र मोहन : हम इसी मानदंड पर चल रहे हैं।

मैडम आज प्रश्न यह आ गया है कि हम अपनी मातृभूमि के प्रति क्या भाव रखते हैं? हमारे सिब्बल साहब ने फिर कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का उद्देश्य समरसता नहीं बल्कि विद्वेष फैलाना है, जहर फैलाना है। पूज्य गुरू जी क्या कहते हैं मैं यहां उद्धरण देना चाहूंगा। हिन्दू इस देश में भिन्न-भिन्न पंथों का समन्वय करने वाला विचार है। मैं पुनः कह रहा हूं ये गुरू जी के विचार हैं। मेरे भी यही विचार हैं, संघ के यही विचार हैं, भारतीय जनता पार्टी के भी यही विचार हैं। ...(**व्यवधान**)... हमारी विचारधारा यही है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं ...(**व्यवधान**)... और यही विचार कांग्रेस के रहे हैं, यही विचार महात्मा गांधी के रहे हैं, यही विचार अरविन्द के रहे हैं, यही विचार विवेकानंद के रहे हैं, यही विचार गुरू जी के हैं...(**व्यवधान**)... आप में सुनने की सामर्थ्य होनी चाहिए।

उपसभापति : सुन लीजिए न, आप बात तो सुनिए। देखिए , जब कपिल सिब्बल जी बोल रहे थे तब सब ने शांतिपूर्वक सुना, रामूवालिया जी की बात आपने शांति से सुनी। आप उनकी बात अगर नहीं मानते हैं तो यह आपकी मरजी है लेकिन सुनना तो चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री नरेन्द्र मोहन : हिन्दू इस देश में भिन्न-भिन्न पंथों का समन्वय करने वाला विचार है। सभी पंथों को समान स्वीकार करने की बात इसमें स्पष्ट रूप से कही गई है। चाहे कोई भी उपासना पद्धति हो, हमारा सभी के प्रति आस्था और विश्वास है। सच्चाई, ईमानदारी और सत्य निष्ठा के साथ ईश्वर की उपासना की जाए उसी से ही ईश्वर मिलेगा। गुरू जी ने विवेकानंद को उद्धृत करते हुए कहा कि मैं ऐसा बिल्कुल नहीं चाहता कि इसाई और मुसलमान अपना-अपना मजहब छोड़ दें और हिन्दू बन जाएं , मैं इसका समर्थन नहीं करता हूं। यह गुरू जी ने कहा है। जब यह बात कही नहीं गई की कोई अपए मजहब छोड़ दें, कोई पुनः हिन्दू बन जाए, तब यह आरोप क्यों लगाया जा रहा है? अतः हिन्दू राष्ट्र स्वीकार करने में फिर हिचकिचाहट क्यों? विचार तो है तत्व ज्ञान का। हिन्दू विचार धारा का जन्म उस समय हुआ जब सप्तसिन्धु में ऋगवेद की कल्पना

की गई है । सप्तसिन्धु में हिन्दू शब्द आया है । यह हिन्दू शब्द ही सही हिन्दू बना । उस समय न इस्लाम था और न ईसाइयत थी । इस पुरानी संस्कृति के साथ अपने को जोड़ने में आपत्ति क्यों ? हम इस पुरानी संस्कृति, पुरातन संस्कृति, पुराने राष्ट्र की बात करते हैं । इसीलिए सब सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह बात गई तो सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस बात को स्वीकार किया कि पंथ निरपेक्षता क्या है । हिन्दुत्व पर कल विशेष रूप से हमारे कानून मंत्री ने भी इस बात की घोषणा की और बताया लेकिन बात फिर भी उठाई जाती है और कहा जाता है कि हम लोग हिन्दू मुस्लिम एकता के पक्षधर नहीं हैं । यह आरोप लगाए जाते हैं **...(व्यवधान)...**

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा (बिहार) : ऋगवेद की कौन सी ऋचा है ? **...(व्यवधान)...**

श्री नरेन्द्र मोहन : ऋगवेद में सप्त सिंधु का विचार आया है, आप उसको सुनें । **...(व्यवधान)...**

SHRI JANARDHANA POOJARY: Is it the culture to demolish the Babri Maszid?

THE DEPUTY CHAIRMAN: When Mr. Sibal was speaking, everybody kept quiet.

श्री नरेन्द्र मोहन : हिन्दुत्व हमारी दृष्टि में और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की दृष्टि में एक ऐसी सांस्कृतिक अवधारणा है, इसी सांस्कृतिक अवधारणा का विरोध करने की साजिश के तहत आरोप लगाए जाते हैं तो उसका हम विरोध करते हैं । एक साजिश के तहत, बदनाम करने की राजनीतिक साजिश के षड़यंत्र के तहत राष्ट्रीयता स्वयं सेवक संघ को बदनाम किया गया । अखिर एक सीमा होती है । आप गुरू जी के विचारों को सुनें । कहीं भी एक शब्द भी ऐसा नहीं निकलता जिससे कि यह सत्य सिद्ध हो सके कि उनका मन संकीर्ण था और तनिक कोई भी ऐसी बात हो जिससे ऐसा लगता हो कि वे मातृभूमि को ऐसा मान रहे थे जिसको धर्म के आधार पर, मज़हब के आधार पर जोड़ दिया जाए । जब धर्म और मज़हब के बारे में स्पष्ट धारणा आपके सामने प्रस्तुत कर दी गई है तो फिर उसका विरोध क्यों हो रहा है? विरोध हो रहा है राजनीतिक कारणों से । जो कुछ भी गुजरात की सरकार ने किया, उसका कारण क्या है । गुजरात की सरकार ने अपनी तरफ से ऐसा कुछ नहीं किया जो गैर कानूनी हो कानून के समक्ष सारी बातें गई, ट्रिब्यूनल ने निर्णय दिया, हाई कोर्ट ने निर्णय दिया, उसके आधार पर मांग की गई कि जो कुछ भी बंधन लगाए गए थे, वे बंधन समाप्त कर दिए जाएं । जब कानून ने बरी कर दिया, एक नहीं अनेक बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ऊपर ऐसे आरोप आ चुके हैं और आरोप वे

लोग लगाते हैं जो मानसिक रूप से अत्यंत संकीर्ण हैं, अनुदारवादी हैं, जिन्हें इस बात पर विश्वास नहीं है कि हिन्दुत्व एक सांस्कृतिक अवधारणा है । हम बार बार कहते हैं, हर स्वर में कहते हैं कि सभी धर्मो का हम आदर करते हैं, सभी पंथों का आदर करते हैं, सभी के लिए समान आदर है**...(व्यवधान)...** बाबरी मस्जिद के प्रश्न पर बहुत बार चर्चा हो चुकी है, और यह चर्चा बाद में भी कर ली जाएगी । लेकिन बाबरी मस्जिद को किसने तोड़ा, क्या तोड़ा, उसके पहले किसने क्या किया, थोडी इसकी भी चर्चा की जाए तो ज्यादा अच्छा होगा । आज उचित यह है कि आप सही संदर्भ में सही बातें लें, धैर्यपूर्वक सब की बातें सुनें, एक सहिष्णु संस्कृति प्रधान जो चिंतन है, एक सांस्कृतिक अवधारणा जो है, उस सांस्कृतिक संगठन को राजनीतिक स्वरूप प्रदान न करें, केवल यही मुझे कहना है । धन्यवाद ।

SHRI S. PETER ALPHONSE (Tamil Nadu): Madam, the point before the House is not about the dogmas, the policies, the principles and the ethics the R.S.S. stands for. We are not at all concerned about that. The point before the House is very simple. The Government of Gujarat has permitted its Government servants to join the R.S.S. activities. The other day, when the hon. Prime Minister, who was about to address the World Book Fair, was questioned about the Gujarat Government's decision, you know what his reaction was? He expressed his reaction in three words. He said, "I am planning to send the communication to the President." And he informed the Press that the R.S.S. is not a political organisation. This is number one. The second one is, it is a cultural organisation. Nobody should have any objection when people want to join it. These are three points which the Prime Minister of this country informed the Press categorically. Now, I want to know whether the Government or the hon. Prime Minister or the hon. Home Minister want us to believe that RSS is a dance and drama club, where people go in the evening to hear fine Hindustani music. If they want us to believe it, I will ask them....*(Interruptions)*...

Our contention is that we are not questioning the integrity and patriotism of great leaders. 1 have been a student of Political Science. I have been a political worker for the last 32 years. I know the Freedom Movement. I know the great Savarkar. I don't dispute his patriotism. He was the only man, who was bestowed with the rarest honour of getting two life imprisonments in his single life. He was from my district, from where I come from. I do not dispute his patriotism and his sincerity. But, what we

question is: Gandhiji never differed with Subhash Chandra Bose on patriotism. We never questioned the patriotism of Gurudev or Bhagat Singh. But, as my learned friend, Mr. Kapil, pointed out here, as Patelji put it, "They are little bit mad." That is the point we wanted to raise. You want us to believe that the RSS is a cultural club. I will not go 75 years back. I will tell you about what had happened last month. Madam, permit me to quote from the *"Organizer"*. I think, you will accept that *"Organizer"* is a •reliable magazine from which 1 can quote. My DMK friends are here. In their own words, "The hon. Chief Minister of Tamil Nadu has a record history of 50 years in public life. He has seen every Bench in the Assembly. He has got a rich political heritage. You know how did he describe the RSS. He described, "The RSS is an octopus, the most dreaded, the most poisonous creature in the sea, which swallows everything that comes in the way." *Tamilila Sollanungala?* Adu oru visha jandu. Perhaps my Tamil friends may understand what I said. *(Interruptions)* When 1 quote this, you can say it is all Congress' suitcase. So, they may say so many things about the RSS. I am telling you what your own partner, who is your partner in the Government, feels. He is a man who is solidly supporting you. He is not an ordinary man. He is the Chief Minister of a State, who has got 50 years of political spirit. He says, "The RSS is an octopus". You know, what the other partner, Dr. Farukh Abdulla,—when he was asked to react on the Gujarat Government's decision, said. He said, " If tomorrow Jamaat-e-Islami asks me, what will I reply?" They are not somebody from the Congress Bench. They are not somebody from the Communists. This is not somebody who questions you. These are the two persons who are actually supporting you; on whose mercy you are in governance.. This is the point I wanted to raise. And you still ask us to believe that the RSS is a cultural club. It is a dance and drama club..... *(Interruptions)*...

SHRI NARENDRA MOHAN: Madam, we never said that the RSS is a dance and drama club. ...*(Interruptions)*...

SHRI S. PETER ALPHONSE : My friends in the D.M.K, and in the T.D.P and all other friends who are supporting should see how the National Democratic Alliance was put down. Mr. Seshadari says, "The B.J.P which has come to the centre stage to our political arena, and is able to command the confidence of such varied groups, such as, the DMK, the Akali Dal, the I.N.L.D. the Shiv Sena, the Janata Dal (U), and the Trinamul

Congress, has been basically inspired by us." By whom? By RSS. My DMK friend has to answer, not here, but at Chennai. What does he say? Mr Seshadri, the General-Secretary of VHP, said on 24 October, 1999 that all these groups--the DMK, die Akali Dal, the I.N.L.D, the Shiv Sena, the Janata Dal (U), and the Trinamul Congress-have been brought together on the inspiration of RSS. What more evidence do you want me to show that R.S.S. is a political organisation? It is not a thing of 75 years back. My learned friend Shri Malkani, who was earlier a Member of this House had written about this in "India Abroad." I think you also rely upon "India Abroad." I think this is also a magazine. I will read only one paragraph from it.

> "Last year the United States launched an attack on the Bhartiya Janata Party, its ideological mentor, the Rastriya Swamyamsevak Sangh and other Hindu organisations for their opposition to religious conversion."

The Pracharak Malkani, who was a former Member of this House, an active R.S.S. worker, a B.J.P. parliamentarian says,

"..... Criticised the Bhartiya Janata Party and its ideological mentor, Rashtriya Swamyamsevak Sangh"

...*(Interruptions)*... — for them it is a cultural mentor. How do you dispute that. This is not told by me. This is not told by Mr. Kapil Sibal. In the same article, he says,

"America is funding conversion. America has been sending dollars in lakhs and in thousands."

He quoted a judgement also. Now, the Home Minister is here. I will ask him as to what is the foreign contributions received by Sangh Parivar, especially the V.H.P. I will give you the account number. It is for the Home Minister to confirm whether my information is correct or not. The service number of V.H.P. is ID 051-0156325. This is the service number of the VHP-America which is a registered non-profitable organisation. It has received money from Christian institutions also. This is the information I have. I leave it to the Home Minister to corroborate it or dispute it. I now read the names of the organisations which have funded, and at the same time I would request the hon. Prime Minister to release the list of organisations

which have received dollars from America. Last year, and the year before last year, that means, during the past three years, how many dollars the V.H.P. have -received? • Some of the institutions which have contributed to the V.H.P. are California Culture Realization Fellowship — Now, what the Indian culture has to do with California culture? ~ Connecticut Culture, Connecticut Valley Temple Society, American Cancer Society, Connecticut Health and Welfare, Laryngectomy club-New Britain Connecticut Health and Welfare, Yale Hospital - New Haven Connecticut Educational Society, Salvation Army, Connecticut Secondary College, Tuition Asst, Florida Education and Yoga Research Foundation, Illinois, Vivekanand Vedanta Society, India Development Service, Massachusetts, Chinmaya Mission, Massachusetts Education Society, Saraswati Arts, Kripalu Ashram, Maryland etc. Madam, I can give hundreds of names which have contributed money, and I know what culture they are promoting with that money. When Ghristain missionaries came, they converted; and when Islamic institutions came, they spread terrorism. Now, what V.H.P. does with these millions of dollars? This is the question 1 put. I say, when you oppose the Pope, then why you throw a red carpet to Clinton, who according to you, is also instrumental in conversion? You wanted the Pope to go back; you wanted to show black flag to the Pope. Now you make the same allegations against Mr. Clinton, but you are eager to receive him. You are always interested that he should not visit Pakistan. He should straightway come to India. What is the fun? Both of them are Christians. You allege that both of them are instrumental in conversion; both of them are sending money; then why is this that there is one treatment to the Pope and another treatment to Clinton? It is for the Home Minister to explain.

SHRI ABANI ROY (West Bengal)): Madam, discussion on this subject has been going on since Monday and it has been proved that the RSS is not only a social and cultural organisation, as has been claimed by the BJP Government at the Centre, but is also a political organisation. The BJP is the political wing of the RSS. It has been confirmed not only by us, by the political parties, but by the common people also. The common people of India understand the language that the RSS controls the BJP. Since the formation of the RSS, the question of a Hindu nation is there. That has already been said by one of the hon. Members.

When the RSS was formed in 1925, in its particular Constitution it specifically mentioned that only a Hindu male can be registered with it as its Members. It also mentions "The aims and objects of the Sangh are "to weld together the diverse groups within the Hindu Samaj on the basis of its *Dharma* and *Sanskriti."* We are told that we are thinking of a greater India, that we have tolerance; we are accommodative to all other religions, but so far as their constitution is concerned, it particularly claims a particular *Samaj* with its *Dharma* and *Sanskriti* and for Hindu male only.

Madam, it is clear to all that from ancient times India has been the home to a large number of religious, cultural, racial and other communities, who came here from different parts of the world, got integrated and settled in this country. Secularism, therefore, is a necessary political principle in a multi-religious society like India for its survival and for successful practice of democracy. The secular and democratic character of the Constitution is a reflection of this reality. It is being said that RSS is a social and cultural organisation. It is not a trade union. The Government employees of Gujarat are asking for its membership. Then what is it to do with them? Is it for meeting their demands? Is it for getting them promotion in their service? What for is it? It is not a trade union organisation. They have their own trade union organisation, B.M.S. The workers and employees of any concern are directly related to this trade union organisation and not to socio-cultural organisation. This organisation has proved that it is a political organisation by its present activities. I am not talking of the past. So many things are referred to it since its inception in 1925 up to 1983. I am talking of the situation. The situation has dramatically changed. It changed in such a way particularly during these two decades that Hindu communalism has spread its tentacles in the civic fabric of society. Not only that, it has succeeded in gaining access to State power. In two or three States, the BJP having a majority. We have seen the incidents in U.P. and in Maharashtra. Now, we are witnessing so many things in Gujarat. It is a State where it enjoys an absolute majority. In 1970, riots broke out in Gujarat and a Commission was set up to look into the causes of the riots. We know what the Commission said. In this background we also notice that copies of the Holy Bible were burnt in a school in Rajkot, Muslims were threatened in Radhikapur and there was an incident against Christians in Dang districts. In this context, we should not turn a blind eye to the lifting of ban on RSS in service. We should know the implications of lifting a ban on Government servants joining the

RSS - custodians of law, policemen and members of the Armed Constabulary who are responsible for maintaining peace in a communally volatile State will not have the 'legal right' ~ this is my view ~ to go to the morning RSS drills to learn a lesson or two in aggressive Hindutva.

The same RSS indoctrinated policemen can be deputed by the State Government to handle a communal situation, should the need arise.

I am quoting from the recommendations of the National Commission for Minorities. Para (1) By a policy announcement, the State Government should (a) .publicly disapprove the unconstitutional, unlawful and penal incidents of the recent past that have offended religious sentiments; and (b) affirm its commitment to the protection of human rights, civil liberties and fundamental freedom of all citizens in accordance with the equality of social justice clauses of the Constitution. (2) After an indepth investigation of the violence on minorities, the Government should reprimand the offenders and should not spare the Government officials who have failed to control the situation."

The recommendations reflect the worries and the concern of the Minorities Commission. The Commission's unhappiness with the steps taken so far by the Government indicate the resentment in the minds of the minorities. This is the thing.

Therefore, I request the Central Government, by any means, they should not allow the circular of the Government of Gujarat to be implemented because the RSS is an organisation which according to us creates problems. That circular should be withdrawn. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Shri Madhavsinh Solanki. I must say that your party has got only sixteen minutes left. Apart from you, there are three more speakers, Mr. Faleiro, Mr. M.N. Das and Mr. Kidwai. You decide among yourselves as to how much time each speaker would take.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI (Gujarat): Madam, each Member will take five minutes.

THE DEPUTY CHAIRMAN : It is up to you.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI : Madam Chairperson, there seems to be some confusion in the discussion. Some are speaking about a ban on the RSS or otherwise. Others are speaking about a ban on the Government

servants' joining the RSS or Jamat-e-Islami. The focus of today's debate should be on the ban imposed by the Government of Gujarat on joining the RSS and its activities and subsequently removing it. It has been argued that the RSS is not a political party. Therefore, the ban was not justified in the initial stage. It is very surprising that how could such an interpretation be made when the Central Civil Services Conduct Rules, 1964, says : "No Government servant shall be a member or otherwise associated with any political party or any organisation which takes part in politics nor shall it take part in subscribing in aid of or assisting in any other manner in any political movement or activity." Certain doubts have been raised about the Government's policy with respect to the membership or participation in the activities of the RSS and the Jamat-e-Islami by the Government servants. It has been clarified that the Government always held the activities of these two organisations to be of such a nature that participation in them by the Government servants would attract the provision of sub-rule (1) of rule 5 of the Central Civil Services Conduct Rules, 1964. Any government servant who is a member or otherwise associated with the aforesaid organisations or with their activities is liable to disciplinary action." Madam, in 1980, the Government again clarified and reiterated its decision not to permit civil servants to participate in the activities of the RSS and the *jamat-e-islami.* It said, "In the context of the current situation in the country, the need to ensure secular outlook on the part of government servants is all the more important. The need to eradicate communal feelings and communal bias cannot be overemphasised."

Madam, is there anything more needed to explain why these rules were necessary and they continued all these years? We know that government employees have a sacred duty to be absolutely impartial and non-partisan and to serve all the people equally. This principle is totally violated by the BJP Government of Gujarat by permitting government employees to officially participate in the activities of a totally communal organisation. What could be the fallout of this? We know that while performing their duties naturally, they tend to look to their personal interests as well along with official duties. They would think how the bosses would look at them, if they acted in a particular manner. They have to think about their promotion as well as postings and transfers. Not only this. Even at the time of selection and appointment, this factor, namely, which group he belongs to is likely to creep in and therefore some say that the road to career

growth would now be via the Sangh Parivar. You cannot expect impartial functioning of the machinery of government servants some of whom are members of the RSS and some are not. You are creating a privileged class of government servants. What do the government servants themselves feel? Madam, a very seasoned and respected senior police officer of Gujarat, now retired--a former Director General of Police—has opined that governemnt's decision concerning participation in the RSS activities will disturb the apolitical character of the services. What, then, are the reasons for doing this? One of the senior hon. Members of the BJP, who is also very close to the BJP Government in Gujarat, said the other day in this House that there were some government servants in Gujarat who requested the Government to lift the ban and so the Government complied. May I know from the hon. Home Minister here, in the event of those government servants who may be close to *the jamate-islami* asking the State Government to remove the ban on their joining the *jamaat-e-islami,* would it be done? Will the hon. Minister advise their colleagues in the Gujarat Government to do so? We ancitipate a horrible situation in the State when we visualise government servants divided into two opposing camps-one belonging to the RSS and the other supporting the *jamate-islami.* When that would be the case, would you still find the secular character of the services which is the basic feature of our Constitution? Some people have expressed the fear that lifting of the ban on joining the RSS in Gujarat is just a test; the BJP seems to have larger, ominous, designs behind this decision. Because, from Gujarat to the rest of the country, it is a short distance. In Gujarat, permitting the policemen to become members of the R.S.S. will further communalise the police force and make it totally ineffective. It would become partisan in tackling any communal outbreak, particularly in Gujarat, where already there are frequent communal clashes. Only last week, Madam, in the city of Ahmedabad, where the Municipal Corporation is controlled by the B.J.P. with a lady Mayor, who belongs to the B.J.P., she was maltreated by the members of the Parivar on the issue of a temple which was removed by the Municipal Corporation. The Parivar members rushed to the Mayor's office, broke the things and insulted the lady Mayor also. But apart from that, the fact is that the special police force which was already stationed there and which was present at that time, did not try to help the Mayor or did not protect her. The lady Mayor was humiliated. So, Madam, in the matter of law and order, the same thing could disturb the entire structure of the State, and not only with regard to law and

order, the same thing could happen in the area of education when school teachers are permitted to join the R.S.S. They can take their own way. One very surprising question is that they are saying that the R.S.S. is not a political party. And when the hon. Prime Minister and the B.J.P. claim that the R.S.S. is not a political party, that it is only a cultural organisation, it looks very surprising. It is true that the R.S.S. is not registered as a political party. But is it necessary by any stretch of imagination to get oneself registered as such to do political activities? Without being registered, any organisation can do the political activities which the R.S.S. is doing. The R.S.S. organisation has a system to operate through *Pracharaks.* Its political activities are carried out by the R.S.S. *Pracharaks;* whether he is the Prime Minister or the Home Minister or the Chief Minister, they have all been R.S.S. *Pracharaks* in the past. In order to corroborate what I have said, I will give only one example. I would like to refer to the Times News Service edition dated 9th February, 2000. This was a newsitem from Aligarh. Mr. Kalyan Singh, the former Chief Minister, and now the *persona non- grata* with the B.J.P.; contesting Mr. Vajpayee's stance that R.S.S. was only a cultural and social organisation has said: " I was a member of the R.S.S. since my childhood and I have closely known its functioning. The entire political system of the B.J.P. is controlled by the R.S.S. This includes all acitivities, such as allotment of the party tickets and appointment of Ministers." Madam, more stronger proof is provided by the " The Hindustan Times" in its edition dated 21st June, 1990 where the newsitem from Lucknow says: "The Rashtriya Swayamsevak Sangh told the B.J.P. leaders of warring groups to put their differences in the backburner and gear up for elections. A meeting of senior B.J.P. leaders was convened by the R.S.S. here at the organisation's Nirala Nagar office. The meeting was attended by the Chief Minister, Kalyan Singh, his senior Cabinet colleagues, Lalji Tandon, Kalraj Mishra, Om Prakash Singh, the U.P. B.J.P. President, Rajnath Singh and many other office-bearers." The last point is most important. "After long deliberations, it was decided to hold a meeting of the coordination committee of various wings of the R.S.S. on July 7-8 which would be attended by Vishwa Hindu Parishad, Akhil Bhartiya Vidyarthi Parishad, R.S.S., B.J.P. and other outfits."

"Besides taking stock of the political situation, the coordination panel would finalise the vital poll issues."

Madam, does it require any proof of RSS participating in political activities? So, I have only the last thing to say.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Your party's time is only 16 minutes. You are cutting into your party's time.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI : Only two minutes.

THE DEPUTY CHAIRMAN : I have no problem. I have really no problem because we have to finish the discussion at 4.30.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI : Madam, when there are serious differences between the ruling party and the Opposition, some sections of the ruling party tend to accuse what the Opposition asserts as politically motivated, even though the views of the Opposition are genuine, honest and based on reality. But leaving aside the views of the Opposition on this particular issue, on such a matter which has very serious and far-reaching implications for the whole nation, just consider the views expressed by some of the leading newspapers of the country, the newspapers which do not belong to this or that political party.

Madam, I will quote a few sentences from the editorial of the "The Hindustan Times" of Febuary, 2000:

> "There has been no greater blot on the BJP's new-found reputation for moderation than the performance of its Government in Gujarat. Minorities have been terrorised because the parivar treats the State as a laboratory for perfecting a new kind of Hindutva. It is in keeping with this fundamentalist approach that the State Government recently announced that Government servants were free to join the RSS.
>
> "This move has been widely attacked and some of Mr. Vajpayee's admirers hoped that he would have the courage to ask the State Government to retrace its steps. Sadly, not only has the Prime Minister done no such thing, he has even given the Government a clean chit. There is nothing wrong in letting Government employees join the RSS, Mr. Vajpayee has said; it is a social and cultural organisation. Even if Mr. Vajpayee believed that this was an accurate characterisation of the RSS, he would still be wrong in his view. But the point is this: even Mr. Vajpayee

doesn't really think that the RSS is "a social and cultural organisation". He has been battered so comprehensively by the RSS since the early 1980s that he knows exactly what the truth is."

Madam, another leading newspaper, the "The Times of India" in its editorial writes:

"In other words, the RSS professes a certain vision that seeks to reverse the multi-cultural pluralism that India has been justly proud of. Its 'one culture, one people, one nation' philosophy is an attempt to homogenise a people whose spectacular diversity militates against a single unified definition. Arguably, then it is this belief that will form the outlook of Government employees when they join the RSS in their thousands. If so, the multi-culturalism of the past will soon yield place to the cultural nationalism that the RSS is partial to. The claim about the non-political nature of the RSS is equally dubious. For decades now, the RSS has been something, of a doting parent to the Jan Sangh and the BJP. The latter two were floated as political parties precisely for the RSS to be able to wear the facade of a socio-cultural outfit. The Ayodhya issue is...."

More serious than that Madam, is an editorial.....

SHRI MADHAVSINH SOLANKI : One paragraph.

THE DEPUTY CHAIRMAN : I have no problem, but the party's time is over.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI : Hardly ten seconds.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Okay. I am keeping the time. ...*(Interruptions)* ... Don't argue with me. The House has agreed to Mr. Pranab Mukherjee's suggestion, that by 4.30 we will finish, and I have to abide by the direction of the House, which was agreed to by the House. It is not in my hands.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI Madam, I won't argue with you on anything. ... *(Interruptions)* ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : This is the problem. If you want, if the House again wants to have another discussion for two hours, the House should decide, not me.. Don't put it on me.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI : 1 don't want to make a speech. I will simply read out the last paragraph of the editorial. *The Times of India,* dated 22nd January, 2000 says, 'The list goes on and on. What is most reprehensible is that far from showing any remorse, the Gujarat government seeks to legitimise the intolerance. It all but encourges government servants to join the RSS and puts itself forward as the 'laboratory' of the Sangh parivar. Two conclusions follow from the Gujarat experience. The first is that we should not let the relative moderation of the Vajpayee-led NDA government in New Delhi blind us to the true nature of the Sangh parivar. The men who run Gujarat are only a few heartbeats away from the centre of power in Delhi. The second conclusion is that no Gujarati can be proud of the way his State is governed.'

Thank you, Madam.

SHRI LALITBHAI MEHTA: Madam, I want to make one observation regarding the observation made by the hon. Member.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you can make your point, but let Mr. Lakhawat speak first. *(...Interruptions)*....

SHRI LALITBHAI MEHTA: I want to say only one sentence.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will allow you out of the 12 minutes time allotted for your Party. ...*(Interruptions)*...

SHRI LALITBHAI MEHTA: I want to say only one sentence.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, agreed. But these two sentences can... *(Interruptions)*...

SHRI LALITBHAI MEHTA: When he was the Chief Minister of Gujarat, he had made one observation regarding the RSS. If you permit me, I want to bring it to the notice of the House. -

SHRJ MADHAVSINH SOLANKI: What is it? ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will permit you within the time allotted for your Party. You can say on behalf of your Party. You can speak at that time. ... *(Interruptions)*...

SHRI LALITBHAI MEHTA: 'Madam, I will take only one minute. These are the words spoken by the former Chief Minister. It means, 'Had I a hundred Swayamsevaks of the RSS with me than that of the Congress Seva Dal, I would have changed the face of Gujarat within five years.' These are the words spoken by the former Chief Minister.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI: I accept it. Even today, I stand by those words because I always appreciate the good work done by the RSS Swayamsevaks, but I cannot appreciate the bad work done by the Organisation.

उपसभापति : लखावतजी, आप भी समय का ध्यान रखिएगा।

श्री ओंकार सिंह लखावत : महोदया, यह जो प्रश्न आज इस संदन के अंदर चल रहा है, मेरे सामने एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब गुजरात सरकार ने सरकुलर निकाला जिसके द्वारा यह विवाद इस सदान के अंदर खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है, मेरी विनम्र राय में भारत का संविधान जो बना हुआ है इस संविधान के अंदर राज्य सरकारों को कुछ अधिकार निहित हैं और कुछ केन्द्र सरकार को कुछ अधिकार निहित हैं और कुछ केन्द्र सरकार को अधिकार निहित हैं, कुछ जुडीशियरी को हैं। यह हमारे संविधान में भिन्न भिन्न प्रकार से अलग-अलग आर्टिकिल्स में उसकी व्याख्या की गयी है। मैं एक निवेदन करना चाहता हूं कि क्या कोई राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के लिए कोई सर्विस नियम बना सकती है या नहीं बना सकती है। यदि यह अधिकार किसी राज्य सरकार को है तो फिर गुजरात सरकार ने अपने अधिकारों का उपयोग करके जो कुछ किया उसमें यदि किसी को परेशानी हैं तो वह अदालत में चुनौती दे। परंतु मेरा विनम्र निवेदन है कि यह संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकार उस राज्य सरकार को है और इसलिए गुजरात सरकार अपने सरकारी कर्मचारियों के बारे में बने हुए रूल्स रेगुलेंशंस उनकी सर्विस की शर्ते- उसमें चाहे तो अमेंडमेंट कर सकती हैं जैसे बंगाल की सरकार ने 1980 में किया। वहां के कर्मचारियों के सर्विस नियमों में परिवर्तन उन्होंने किया। उसको किसी ने यहां पर नहीं कहा कि वेस्ट बंगाल ने क्यों कर दिया। इसलिए मैं इसके विपरीत एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। बहुत विद्वान यहां बैठे हुए हैं। यदि मध्य प्रदेश की सरकार और राजस्थान की सरकार कर्मचारियों के आर.एस.एस. में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दे तो क्या केंद्र सरकार उस आदेश को निरस्त कर सकती है, - जहां कांग्रेस की सरकार है। तब वे यह कहेंगे मेरे मित्र, अगर उनसे राय ली जाएगी कि यह राज्य का मुद्दा है इसलिए सरकार इसमें इंटरफेयर न करे। यह राज्य सरकार का अधिकार है। हां केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बारे में केन्द्र सरकार को अधिकार है और मेरे विद्वान मित्र

सिब्बल जी ने बहुत अच्छी तरह से संविधान को कई बार पढ़ा है । उसमें ला की परिभाषा भी है । ला में रेगूलेशंस भी आते हैं । उसमे रूल्स भी आते है । उसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के आर्डिनेंस भी आते हैं और उसमे बिल्स भी आते हैं । इसलिए मुझे एक विनम्र निवेदन करना है कि It is purely a State subject और इसलिए यह स्टेट सब्जेक्ट होने के नाते केन्द्र सरकार से मेरा निवेदन है कि उसको इसमें इंटरफेयर करने की किसी प्रकार की संवैधानिक आवश्यकता नहीं है । एक तो मेरा निवेदन यह था । दूसरा निवेदन मैं यह करना चाहता हूं कि हमारे यहां कोई पहली बार आर.एस.एस. पर चर्चा नहीं हो रही है ।

महोदया, जब इस देश के ऊपर हम चर्चा करते हैं, देखिए आज हिन्दू संगठन और राष्ट्रवादी संगठनों का विरोध क्यों हो रहा है? कृपया अगर आप मुझे दो मिनट सुन लेंगे तो सब की समझ में इसलिए आ सकता है कि मैं आज नहीं कहता, देश का इतिहास इस बात का साक्षी है कि दाहरसेन नाम का जब एक शासन सीमान्त प्रांत का होता था तब मोहम्मद बिन कासिम ने पहला हमला हिन्दुस्तान पर किया तब भी कुछ लोगों ने मोहम्मद बिन कासिम का साथ देने की कोशिश की थी और सब से बड़ा हिन्दुस्तान की रक्षा करने वाला अगर कोई शासक था तो वह दाहर सेन था और तब भी लोगों ने विरोध किया था । तब तो आर.एस.एस. नहीं था, तब अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी नहीं थे, तब विरोध क्यों किया? मैं निवेदन करना चाहता हूं महोदया, कि जब महाराणा प्रताम अपने राज्य और धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे थे, तब भी कुछ मानसिंह उधर गए थे । मैं कहता हूँ यह कोई नई बात नहीं है । परन्तु संसद के बाहर जब मानसिंह मार्ग, जहाँगीर मार्ग ये लोग देखते हैं तब इनको भी वैसा करने की प्ररेणा मिलती है । मैं एक बात कहना चाहता हूँ । मोहम्मद गौरी ने जब पृथ्वी राज चौहान पर हमला किया था वह विदेशी आक्रमणकर्त्ता था, तब जयचंद ने उसका साथ दिया था । पर इतिहास में जयचंद का अपना स्थान है, पृथ्वीराज चौहान का अपना स्थान है । मित्रों, मैं एक बात कहना चाहता हूँ, इस बात को ध्यान में रखना कि यहाँ के समग्र समाज, बहुत बड़े समाज को हतोत्साहित करने का जो एक विदेशी षड़यन्त्र चल रहा है उसएक ट्रैप में हम कभी न आएं, ऐसा मेरा विनम्र निवेदन है । मेरा एक निवेदन आपसे यह है कि दुनिया की दो-तिहाई ताकतें चाहती हैं कि हिन्दुस्तान में यह बहुसंख्यक हिन्दू समाज कमजोर हो । वे चाहती हैं कि यह डिवाइडेड हो । बहुत से एक-तिहाई दुनिया के जो देश हैं वे करोड़ों रुपया अलग-अलग माध्यमों से यहाँ भेजते हैं । उनसे अनेक जगह धर्मान्तरण होता है, अनेक जगह अनेक प्रकार से आई.एस.आई. के एजेंट यहां काम करते हैं और हिन्दुस्तान को तोड़ने की कोशिश की जा रही है । मेरा निवेदन यह है कि बहुसंख्यक समाज के हितों के खिलाफ बोलना या उनको कमजोर करने की कोशिश करना, यह राष्ट्र की खिलाफ करना होगा ।

आर.एस.एस. के बारे में रामूवालिया जी ने एक बात कहीं, मैं कहता हूँ कि पंजाब में जब आतंकवाद अपने चरम पर था, जब खालिस्तान मूवमेंट अपने चरम पर थी, तब संघ की एक शाखा पर हमला हुआ और उसमें बहुत से स्वयंसेवक मारे गए। तब देवरस जो सरसंघ चालक हुआ करते थे। शाखा के स्वयं सेवक उनके पास गए और उनसे कहा कि हमें आज्ञा दीजिए। स्वयं सेवकों को मारा जा रहा है, क्या करना चाहिए। तो बाल साहब देवरस ने कहा, मैं आपसे निवेदन करता हूँ, उन्होंने यह कहा कि रोटी खाते-खाते कई बार जीभ दांत के नीचे आ जाती है तो दांत को तो हम तोड़ते नहीं हैं। ये हमारे बंधु हैं केसधारी और सहजधारी सब को एक करो और अपने पूर्णकालिक कार्यकर्त्ताओं को पंजाब भेजा और आज हम उसका परिणाम देख रहे हैं। महोदया, यह जो हतोत्साहिता नज़र आ रही है, दाहर सेन से वाजपेयी तक एक ही परिस्थिति हैं। जो दाहरसेन का विरोध था, पृथ्वीराज का विरोध था, आज वाजपेयी जी का विरोध करने वाली ताकतें भी वहीं हैं, समर्थन करने वाले लोग भी वही हैं। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूँ आप सारे बंधुओं से कि इसका एक इलाज़ मैं बता देता हूँ और वह इलाज यह है कि वैभवशाली हिन्दुस्तान, सशक्त हिन्दुस्तान, दुनिया का गुरू हिन्दुस्तान, 'विश्वगुरू के स्थान पर बैठने वाला हिन्दुस्तान, खड़ा करने में आप और हम सब मिल कर जिस दिन लगेंगे, उस दिन कुछ बात तय हो सकती है। 1948 से विरोध कर रहे हैं, जब से चुनाव हो रहे हैं, हर सभा में आर.एस.एस. का नाम लेते हो। सारे देश में राज करते थे, आज कुछ राज्यों में सिमट गए हो। थोड़े दिनों में वहाँ से भी सिमट कर म्युनिसिपैलिटी में आने वाले हो। आज दो वाले लोग दिल्ली में राज कर रहे हैं। यदि सोनिया गांधी प्रधान मंत्री होती तो आप गुजरात का सवाल खड़ा नहीं करते। पर जब क्योंकि वाजपेयी जी प्रधान मंत्री हैं इसलिए आपको परेशान होने की आवश्यकत पडी है। संघ तो एक पॉवरहाउस है। वह अच्छे लोगों का निर्माण करने का काम करता है। स्वाभिमानी लोग, स्वावलंबी लोग, चरित्र वाले लोग समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में जा रहे हैं। मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूँ कि एक दिन आप भी संघ के साथ में आओगे, मुझे इस बात का भरोसा है और उस दिन फिर संघ को समझोगे, जैसे आज सिब्बल जी ने संघ का साहित्य पढ़ा आज पढ़ेंगे, कल फिर पढ़ेंगे, तब कुछ समझ सकेंगे। यही एक इलाज़ है। इसके अलावा और कोई इलाज नहीं है।

मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ कि एक बहुत सार्थक चर्चा आपने आज प्रारंभ की और मेरा एक विनम्र निवेदन यह है कि आप ...(**व्यवधान**)... आपने मुझे अपनी बात कहने का अवसर दिया बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा एक ही निवेदन है बंधुओं, आपसी मतभेद चुनाव के समय प्रकट करो, वरना एक सशक्त हिन्दुस्तान के लिए मिल कर काम करें तो ज्यादा ठीक रहेगा। ऐसा मेरा विनम्र निवेदन है।

उपसभापति : श्रीमती सरला माहेश्वरी । माहेश्वरी जी, आप भी समय का पालन करिएगा ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) **:** महोदया, मैं पूरी कोशिश करूंगी ।

उपसभापति : कोशिश नहीं, करना ही हैं ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : आपका हुक्म सर माथे पर ।

उपसभापति : हाँ बिल्कुल ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : उपसभापति महोदया, संघ परिवार के प्रच्छन्न एजेंडा की प्रयोगशाला बना गुजरात जिस तरह आज हमारे देश के महान राष्ट्रपिता महात्म गांधी तथा आजादी के आंदोलन की महान विरासत का वध-स्थल बनता जा रहा है, यह दिन के उजाले की तरफ साफ होता जा रहा है ।

पहले आरक्षण के विरूद्ध आंदोलन फिर सांप्रदायिक दंगे फिर ईसाइयों के विरुद्ध घृणित अभियान और अब गुजरात सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आर.एस.एस. में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटाकर हमारे देश के संविधान के विरूद्ध धर्म-निरपेक्षता के विरूद्ध एक मोर्चा खोला गया है । उपसभापति महोदया, संघ परिवार और उस का राजनीतिक मंच भारतीय जनता पार्टी सत्ता का दुरुपयोग कर के न सिर्फ हमारे संविधान के बुनियादी उसूलों के विरूद्ध काम कर रहे हैं बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता के विरूद्ध भी काम कर रहे हैं । उपसभापति महोदया, गुजरात सरकार ने हाल ही में अपने राज्य कर्मचारियों पर आर.एस.एस. की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाकर तथा केन्द्र सरकार ने उसे हरी झंडी दिखाकर यह साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी चाहे वह सत्ता में रहे या सत्ता के बाहर रहे, आर.एस.एस. ही उस का ब्रह्म वाक्य है । इसीलिए प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी अपनी उदारता का चोंगा उतारकर यह ऐलान करते हैं क संघ सांस्कृतिक संगठन है, संघ एक सामाजिक संगठन है । उपसभापति महोदया, फासिस्टों की आम तौर पर यह कोशिश होती है, यह कौशल होता है कि हंसते-हंसते जान ले लेना, इतिहास को विकृत करना, इतिहास को नकारना । यह फासिस्टों का शगल रहा है । महोदया, आर.एस.एस. वह संगठन है जोकि हिटलर और मुसेलिनी के विचारों से प्रेरित होकर इस देश में बना था । इसीलिए हमारे देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने बकौल अमेरिकी शोधार्थी ई.डोनाल्ड स्मिथ के अनुसार जो कहा था, उस को मैं यहां कोट करना चाहूंगी ।

" Nehru once remarked that Hindu communalism was the Indian version of fascism, and, in the case of the RSS, it is not difficult to perceive certain similarities. The leader Principle, the stress on militarism, the doctrine of racial-cultural superiority, ultra-nationalism infused with religious idealism, the use of symbols of past greatness, the emphasis on national solidarity, the exclusion of religious or ethnic minorities from the nation - concept - all these features of the RSS are highly reminiscent of fascist movements in Europe. "महोदया, यह आर.एस.एस. के बारे में हमारे राजनेताओं का आंकलन है और हमारे आर.एस.एस. के लोग जो आज सांसद बने हैं, वह क्या पारिभाषित कर रहे थे ? वह भी अगर इसे आयने में उसे देखेंगे तो ज्यादा बेहतर होगा । इसी तरह महात्मा गांधी ने आर.एस.एस. को किस नजरिए से देखा था, उन के विचारों को भी मैं आप के सामने रखना चाहूंगी ।

'महात्मा गांधी की टोली के एक आदमी ने कहा कि आर.एस.एस. के लोगों ने शरणार्थी कैंपों में बहुत अच्छा काम किया है । उन्होंने अनुशासन, साहस और कठिन परिश्रम की क्षमता प्रकट की है । गांधी आर.एस.एस. जी का उत्तर था, लेकिन भूलो मत कि हिटलर के नाजी और मुसोलिनी के फासिस्ट भी ऐसे ही थे ।

यह गांधी जी का संघ के बारे में आंकलन है । उपसभापति महोदया, मैं बताना चाहूंगी कि हमारे वाजपेयी जी जिस आर.एस.एस . को अपनी आत्मा बताते हैं और जिसे सांस्कृतिक संगठन की संज्ञा देते हैं, उस सांस्कृतिक संगठन के बारे में जयप्रकाश नारायण जैसे नेता का , जिन्होंने उन के साथ काम किया था, क्या आंकलन था । जयप्रकाश नारायण जी के पत्र का मैं हवाला देना चाहूंगी । यह पत्र साप्ताहिक दिनमान के 8 अप्रैल, 1979 के अंक में छपा था । इस में जयप्रकाश नारायण ने लिखा :

'कुछ दोस्तों के बार-बार यह शिकायत की है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सरकार में नेतृत्व हथियाने के लिए प्रयत्नशील है । राष्ट्रीयता स्वयं सेवक संघ भी अन्य दलों की भांति राजनीति को प्रभावित करने के लिए स्वतंत्र है । वह ऐसा कर भी रहा है, लेकिन मुझे आपत्ति सिर्फ इस बात की है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लोग मुखौटा लगाकर राजनीति को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं । मैं ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेताओं को सलाह दी है कि अपने साथ सहानुभूति रखनेवाले संगठनों में विलीन हो जाएं अथवा स्वयं को जनता पार्टी से संबद्ध कर लें । लेकिन उन्होंने इस आधार पर मेरी बात मानने से इंकार कर दिया कि उन की अपनी एक सांस्कृतिक पहचान है । उन का राजनीति से कोई सरोकार नहीं है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेताओं के इस तर्क से मैं कतई

सहमत नहीं हूं । मैं ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के हिंदू राष्ट्रवाद की हमेशा निन्दा की है क्योंकि यह एक खतरनाक विचारधारा है क्योंकि यह समग्र राष्ट्र के प्रतिकूल है । जिस राष्ट्रवाद का आप डंका बजा रहे हैं, वह क्या है? मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जनता पार्टी से संबद्ध होने से कोई झगड़ा नहीं । परन्तु उसे अपनी हिन्दू शक्ल को छोड़ना पड़ेगा और पूर्णतः लौकिक होना पड़ेगा । यदि वह यह नहीं करता तो उसे राजनीति से हाथ खींच लेना चाहिए और जनता पार्टी के हर घटक से संबंध तोड़ लेना चाहिए । " ये थे श्री जयप्रकाश नारायण के विचार ।

उपसभापति महोदया, मैं यह कहना चाहती थी कि आज हमारे राष्ट्रीय नेताओं का आर.एस.एस. के बारे में जो आकलन था, उनकी विचारधारा को समझते हुए तथा उनके कार्य करने के तौर-तरीकों को देखते हुए उनकी यह अवधारणा बनी थीं कि ये फासीवाद के तौर-तरीके से काम करते हैं, फासीवाद से उनका संबंध है । लेकिन अब यह प्रमाणिक तौर पर सामने आ गया है कि आर.एस.एस. के लोग विदेशों में जाकर, जर्मनी में, इटली में, फासिस्ट नेताओं से जाकर मिले थे और उनसे प्रत्यक्ष उनका संबंध था । मैं हवाला देना चाहूंगी, उपसभापति महोदया, ई.पी.डब्ल्यू. का किस तरह मूंजे साहब रोम में गए थे और किस तरह वहां पर वे मुसोलेनी से मिले थे और किस तरह वे फासीवादी विचारों से प्रभावित हुए थे ।

> "The first Hindu nationalist who came in contact with the fascist regime and its dictator was B.S. Moonje, a politician strictly related to the RSS. In fact, Moonje had been Hedgewar's mentor, the two men were related by an intimate friendship. Moonje's declared intention to strengthen the RSS and to extend it as a nationwide organisation is well known."
>
> "The Indian leader was in Rome during March 15 to 24,1931. On March 19, in Rome, he visited, among others, the Military College, the Central Military School of Physical Education..."

ये उनकी तमाम सैनिक संस्थाओं से जाकर मिले और उसके बाद किस तरह प्रभावित हुए डा. मूंजे, यह उन्होंने अपनी डायरी में लिखा है :-

> "Your Excellency, I am much impressed. Every aspiring and growing nation needs such organisations. 1 have already started an organisation of my own, conceived independently with similar objectives.

कृपया नोट करें :-

> "I shall have no hesitation to raise my voice from the public platform both in India and England when occasion may arise in praise of your Balilla and Fascist organisations. 1 wish them good liick and every success."

यह उनका प्रमाण-पत्र है और मैं बताऊंगी कि किस तरह से आर.एस.एस. के मूंजे साहब के साथ संबंध थे ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Please, do it in one minute.

SHRIMATI SARLA MAHESHWARI : The intimate connection between Moonje and the RSS and the fascist character of the later is confirmed by British sources. An Intelligence report published in 1933 and entitled "Note on the Rashtriya Swayam Sewak Sangh', ascribed to Moonje the responsibility of the reorganisation of the Sangh in the Marathi-speaking districts and in the Central Provmces in 1927. The report, describing the activity and the character of the RSS, warned that:

> "It is perhaps no exaggeration to assert that the Sangh hopes to be in future India what the 'Fascists' are to Italy and the 'Nazis' to Germany."

यानी कि नाज़ी और फासीवाद की जो भूमिका हमने इटली में और जर्मनी में देखी, उसी को आप यहां हिन्दुस्तान में प्रयोग कर रहे हैं ।

उपसभापति महोदया, मैं कहना चाहती हूं कि आज हमारे आडवाणी साहब यहं बैठे हैं और आप पटेल जी के बहुत प्रशंसक रहे हैं । सरदार पटेल ने संविधान सभा में क्या कहा था, उसको भी ज़रा देख लें तो अच्छा होगा । प्रशासनिक ढ़ांचे के बारे में संविधान सभा में दिए गए सरदार पटेल के भाषण का मैं उल्लेख करना चाहूंगी, उन्होंने 10 अक्टूबर, 1948 को कहा था :-

अगर आप यह रास्ता नहीं अपनाते हैं तो मौजूदा संविधान का अनुसरण मत कीजिए । उसकी जगह आप किसी का भी संविधान रख दीजिए, जो भी आपको पसंद हो मगर इस संविधान का पालन मत कीजिए । यह संविधान सेवाओं के ऎसे हलकों द्वारा लागू किए जाने के लिए है जो इस देश को एकजुट रखें । अगर हमारे यहां एक अच्छी लोक सेवा नहीं होगी, जिसे अपनी बात निर्भीक ढ़ंग से कहने की स्वतंत्रता हो तो भारतीय संघ खत्म हो जाएगा, एकजुट भारत नहीं बचेगा ।

` इसी तरह, महोदया, सरदार पटेल ने 27 अप्रैल, 1948 को नेहरू जी को पत्र लिखा था जिसमें यह कहा था कि :-

'मुझे यह रेखांकित करने की शायद ही जरूरत होगी कि एक सक्षम, अनुशासित और संतुष्ट लोक सेवा, जिसे अच्छे तथा ईमानदारीपुर्ण काम के फल का भरोसा हो, एक जनतांत्रिक निज़ाम में पुख्ता प्रशासन के लिए जितनी अपरिहार्य है, उतनी जरूरी तो तानाशाहीपूर्ण निज़ाम में भी नहीं होगी ।

इसलिए लोकसेवा को पार्टी से अलग, ऊपर होना चाहिए और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक हितों के ख्याल को इस सेवा में भर्ती या उसके अनुशासन के नियंत्रण में अगर पूरी तरह खत्म न किया जा सके तो कम जरूर किया जा सके ।

महोदया, इसी तरह हमारे संविधान निर्माता डा. अम्बेडकर ने कहा था कि ...(**व्यवधान**)... इसीलिए मैं क्वोट नहीं करूंगी । मैं वाइड-अप कर रही हूं ।

उपसभापति : बस वाइंड-अप कर दीजिए ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : महोदया, हमारे संविधान निर्माता डा. अम्बेडकर ने कहा था कि हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष है और हमें धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करनी है । अगर आप लोक सेवा में ऐसे लोगों को शामिल कर देंगे तो ऊपर से तो संविधान धर्मनिरपेक्ष रहेगा लेकिन व्यवहार में धर्मनिरपेक्ष नहीं रहेगा । महोदया, ये वही लोग हैं जो प्रच्छन्न एजेंडा के जरिए बात तो धर्मनिरपेक्षता की करते हैं लेकिन हिंदुत्व के नाम पर, उस हिंदुत्व के ठेकेदार बनते हैं जिसका इनसे संबंध नहीं है ...(**व्यवधान**)... इसलिए मेरा कहना यह है कि इस देश की धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए,इस देश की एकता की रक्षा के लिए , अगर आप इस देश को एकजुट रखना चाहते हैं तो वास्तव में हमारे धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के साथ खिलवाड़ मत करिए, इस देश के भाईचारे के साथ खिलवाड़ मत करिए । इस देश के संविधान की समीक्षा के नाम पर और कुछ भी करिए लेकिन यह सब मत करिए ।

श्री सनातन बिसि (उडीसा) : मैडम, मैं केवल दो-तीन बिंदुओं पर बोलूंगा । ज्यादा नहीं बोलूंगा । I am not going to repeat anything . मैडम, हम लोगों का विवेक क्या बोलता है? I 1 am not going to repeat anything. ¨nF¦T, FT efrnt "tPT fcf^P cPn bedell F? I am drawing the attention of the House so far as our conscience is concerned. Our Home Minister is here. There are two replies from the Home Minister in this House. These are the properties of the House. These are the replies of yesterday on 'Ban on Government Employees' Joining RSS.' मैडम, यह हमारा कल का क्वश्चिन था, उसका जवाब है । मैडम, आज होम-मिनिस्टर का रिप्लाई है, Gujarat waives ban on RSS. इसका क्या मतलब हुआ

मैडम? एल.के. आडवाणी जी बोलेंगे आर.एस.एस. के लोगों को कि हमारे साथ मत आओ और गुजरात जाने के बाद बोलेंगे नहीं, नहीं, आ जाओ । This is the stand they are taking. Why this double standard? These are the two answers of the same Ministry. Yesterday, he was saying about the State List and the Central List. हम यूनिटी क्यों लाना चाहते हैं ? आर.एस.एस. गुजरात में ठीक रहेगा, आर.एस.एस. दिल्ली में ठीक नहीं रहेगा । यह क्वश्चिन-आंसर देखिए । मैं पढ़ता हूं । what will be the measure? 'Ban on Government employees joining the RSS' is on Starred Question No. 696. ? यह कल का क्वश्चिन है । यह 1 मार्च 2000 का क्वश्चिन है । इसमें लिखा हुआ है कि "A clarification was issued on 30th November, 1996 under which the Central Government servants were prohibited from participating in the activities of RSS." So, when they are maintaining the Constitution here, why should they not maintain the Constitution in Gujarat? Why is this double standard? Madam, are these according to the Constitution? आपका शैडयूल लिस्ट नंबर वन में है, ऐंट्री नंबर 70 में है । यह कांस्टीट्यूशन के हिसाब से है । यहां जो ऐंट्री हो गया है 41, लिस्ट नंबर 2, यह किस चीज का है? Is it part of the Constitution? It is the same thing. Why double standard? Is this the way you want to bring unity in the Country? The whole thing is there in the Constitution. We have to keep everything within the Constitution. So far as Gujarat is concerned, they said that it is the law and order problem. If Bihar is concerned, they referred the matter to the President for Presidential rule. These are the stands taken by them. How will they bring unity in the country? There are several persons here. Yesterday, they were arguing about the Central List and the State List. So, we have to keep the nation together. We must restrain while acting. We must respect others. This is an hour when we should not quarrel. एक जगह बोलेंगे आर.एस.एस. ठीक है । एक जगह बोलेंगे आर.एस.एस. ठीक नहीं है । तुम दोनों जगह बोलो ठीक है । I Come out openly, I am not going to speak much. There should be Constitutionality and let us protect the Constitution in its totality. Thank you, Madam, for giving me an opportunity to speak.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am running twenty minutes late. It is like an Air India flight running 20 minutes late. I need some tailman to push it to front so that the Members keep up their commitment to the House.

*श्री शरीफ-उद-दीन शरीक (जम्मू और कश्मीर) : मैडम, मैं ज्यादा बोलूंगा नहीं ,क्योंकि इस पर बहुत ज्यादा बोला गया है, जरूरत से ज्यादा । दोनों तरफ से दलीलें दी गई, किताबें लाई गई और बड़े कुटेशन कहे गए तथा हमारे लीगल प्रोफेशन के एक बहुत ही महताब, आफताब, चन्दे आफताब, चन्दे महताब हैं वह अपनी किताबें लाए और उधर से सिब्बल साहब भी लाए । मैं सुनता रहा । यह तो खैर जैसा कि मै पहले ही अर्ज कर चुका हूं कि टेक्नीकल बातें हैं, किसने किस वक्त क्या कहा, आज किसने क्या कहा, यह कह कर चले जाएंगे । बेसिकली देखना हैं कि जिस देश में हम बैठे हैं और उस देश के संविधान में हमने डिक्लेयर किया है कि हम सेक्यूलर होंगे । इसलिए रहेंगे कि हम बहुत से लोग हैं । अगर खाली हिन्दू हिन्दुस्तान में रहता – उसकी मरजी थी वह हिन्दुत्व करता, हिन्दु राज करता, राष्ट्रीय करता, जो कुछ मरजी होती वह करता या राम राज करता । मुसलमान भी होता तो उसको मरजी थी वह करता । चूंकि बहुत से लोग हैं हम, बहुत से नजरियात के लोग हैं, बहुत से मजहब, जातियों को मानने वाले लोग हैं । अगर हम यह कर लें कि एक फिरके को यह शुबाह पड़े कि सरकार की लगाम एक तरफ को जाती हैं तो देश की दीवारों में क्रैक हो जाना शुरू हो जाएगा किसी भी तरफ से । उन्होंने कल बडी दलीलें दी इसके हक में कि – नहीं जी, सोशल है कल्चरल है । देश तो एक है । जमायते इस्लामी पर पाबंदी है । जाहिर है वह कभी नहीं आए इलेक्शन में । जाहिर तौर पर ऑन रिकार्ड कोई चीज उनके खिलाफ नहीं है । आज तक सरकार उनके खिलाफ एक भी ऐसी चीज नहीं पकड़ पाई कि उनकी कोई एक्टिविटीज देश के खिलाफ है । जैसा किसी ने कल कहा, चूंकि जमायते इस्लामी को बैन करना था इसलिए आर.एस.एस. को साथ लगाया । यह तो नहीं हो सकता कि आर.एस.एस. को बैन करना था लिहाजा जमायते इस्लामी को भी साथ में लगाया । यह भी हो सकता है । अब आपकी सरकार बनी है । इतने दिनों तक तो आप बाहर वोटों के लिए ड्रामेबाजी करना यह तो मैं मानता हूँ, जम्हूरियत में यह चलता है । कभी किसी रंग का कपड़ा पहनना, किसी खास रंग का डालना, किसी रंग को यहां लगाना और रथ यात्रा निकालना वगैरह । वोटों की हद तक तो यह जायज है, सियासी शेरियत में तो यह ड्रामेबाजी जायज है लेकिन जब संजीदगी से मुल्क की सालमियत, मुल्क की एकता, मुल्क की अखंडता, मुल्क के संविधान आईन के प्रति वफादारी का जब सवाल है तो हमें छोटी-छोटी दलीलों से ऊपर उठ कर एक बार कहना चाहिए कि हमारा कर्मचारी चाहे बडी लेविल से या छोटी लेविल तक, वह

*Transl iteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.

किसी भी जमात का मेंबर नहीं हो सकता । वह मुसलमान है या हिन्दू है कोई नहीं हो सकता, सीधी सी बात हैं । अगर ऐसा हुआ – आज आडवाणी जी यहां हैं । हो सकता है कल यह नहीं होंगे और इसी चीज को कल दूसरे लोग अपने तरीके से इस्तेमाअल करके फिर देश को एक बड़े नुकसान में डालेंगे । लिहाजा इस वक्त जो आप बुनियाद डालेंगे क्योंकि मैं आपका एलाइ हूं हुकूमत में, हम आपके साथी हैं लेकिन कुछ मसायल ऐसे हैं जहां हमें अपनी आवाज उठानी पड़ेगी । इस वक्त आप हैं सर आंखों पर । आपको जनता का, आवाम की हिमायत हासिल है, उनकी आपको ताईद हासिल है । आप आ गए, आपको कोई नहीं रोक सकता । लेकिन हो सकता है जनता कल सुबह को आपको निकाल दे और किसी दूसरे को लाए । लेकिन इस वक्त जो आपको अच्छी चीज लगे, हो सकता है वह उसको कल बुरी लगे । लेकिन यह हो सकता है उसको जो चीज़ आज अच्छी लगे । इन सारी चीज़ों से आवाम परेशान होंगी, मुल्क परेशान होगा,मुल्क की बुनियादें कमज़ोर हो जाएंगी । मैं किसी खास जमात की बात नहीं करता हूं । आर.एस.एस. क्या है, मुझे मालूम नहीं है, ऐसी बातों के बारे में मैं कुछ कह ही नहीं सकता । लेकिन यह जरूर कहूंगा कि एक रूल होना ही चाहिये कि सरकारी कर्मचारी चाहे वह छोटा हो या बड़ा हो, वह किसी जमात का मैम्बर नहीं बनना चाहिये, रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियंस में बेशक काम करे। अब कोई मज़हब का लुबादा पहन कर सरकारी पद आ जाएगा, नतीजा है कि मैं किसी इन्सान को इसलिए नौकरी दे दूं क्योंकि वह मुसलमान है और फलानी आर्गेनाइज़ेशन का मैम्बर है । जव वह आ जाएगा तो नासूर हो जाएगा । इस ज़हनियत से और फिर दूसरी तरफ से भी ऐसा ही हो जाएगा । मेरा मानना है मेरी प्रार्थना है इस हाऊस से इधर की तरफ से भी और उधर की तरफ से भी कि सरकार को सरकार ही रहने दीजिये इसको न आर.एस.एस. की सरकार बनाइये और न जमायते इस्लामी की सरकार बनाइये, इसको हिन्दुस्तानी लोगों की हकूंमत बनाइये, हिन्दुस्तान के आवाम के यह कर्मचारी हैं या किसी आर.एस.एस. के या जमायते इस्लामी के कर्मचारी नहीं हैं । मुसलमान का अपना अकीदा है, मुबारक हो । हिन्दू का अपना अकीदा है उसे मुबारक हो, वह अपने मन्दिर में जाए, भजन करे, भगवान को माने, राम को माने, जैसे भी उसे अच्छा लगे, वह कर ले । मुसलमान चाहे जो भी करे । लेकिन जब सरकार की नौकरी का हलफ उठाए तो वह न यहां रहता है, न वहां रहता है । मेरी गुज़ारिश है मैं ताईद करते हुए आपसे गुज़ारिश करूंगा सरकारी कामकाज के हित में, मुल्क के हित में यह बात है, जो आर्डर गुजरात गवर्नमेंट ने जारी किया है, जैसे भी हो सके, उसको विदड्रा करवा दीजिये । यही वक्त और मुल्क की जरूरत है । बिलावजह आप लोगों के दिल में शक-शुबहात पैदा करते हैं ।

वापिस नहीं करेंगे तो कोई इन्क्लाब आने वाला नहीं है मगर बिलावजह उंगली उठाने का लोगों को मौका मिलता है । या तो आप लोगों को मज़ा आता है कि हमारी तरफ उंगली उठती है । फायदा क्या है बिलावजह अंगुश्तनुमाई करें अपने यहां ? मेरी गुज़ारिश यह है कि एक माहोल तलखी का जो कल से पैदा हुआ है आपस में सोचने में, समझने में, उस तलखी को छोड़ते हुए कंसेंसस से आप फैसला लें । अभी मौका नहीं है इन बातों का अभी हमारा देश उस लेवल पर नहीं आया है, अभी इतनी मेच्योरिटी नहीं है कि इन चीज़ों को समझें और गुजरात का जो सर्कुलर है, वह खत्म करा दें । कल को जमायते इस्लामी यह कहेगा कि हमारा भी देश है, हम भी इसी देश में रहते हैं , कल को कोई दूसरा एक्सट्रीमिस्ट कहेगा ...(**व्यवधान**)

मौलाना ओबैदुल्लाखान आज़मी : फारुख अब्दुल्ला से मुतालबा है । ...(**व्यवधान**)...

श्री शरीफ-उद-दीन शरीक : लिहाज़ा बिलावजह ऐसे अनासिर को मौका दे दें, बिलावजह हमारे एक अच्छे सिस्टम को, वह ख्वाहमखाह खराब करें । धन्यवाद, शुक्रिया, सलामवालेकुम ।

उपसभापति : सरोज दुबे जी, पांच मिनट ।

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) : उपसभापति महोदय, मैं बहुत संक्षेप में अपनी बात कहूंगी क्योंकि इस गम्भीर प्रश्न पर पक्ष और विपक्ष के विचार आ चुके हैं, अब केवल कठोर विरोध ही दर्ज करा देना काफी होगा । महोदया, यदि राजनीतिक और साम्प्रदायिक संगठन को सांस्कृतिक संगठन का जामा पहना कर देश की संस्कृति एवं सभ्यता को प्रदूषित किया जाए तो राजनीति संकुचित हो जाती है और राजनीति के संकुचन से देश का दिल टूटता है जैसे कि प्रारम्भ में देश ने भारत मां के दो बेटों को अलग कर के देखा है, देश के विभाजन के रूप में देखा है । भारत का विभाजन देश की महान विभूतियों के कारण नहीं हुआ जैसे कि कल हमारे माननीय मंत्री जी ने कहा था बल्कि छदमवेशी सांस्कृतिक संगठनों के द्वारा दो समुदायों के बीच नफरत की बीज बोने से हुआ जिसकी परिणति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के द्वारा हुई थी । महोदया, गुजरात की सरकार ने अपने कर्मचारियों को आर.एस.एस. की गतिविधियों में भाग लेने का फरमान जारी कर के निहायत आपत्तिजनक कार्य किया है । यह निर्णय असंवैधानिक है, राष्ट्रविरोधी है । यह संविधान की भावना और केन्द्रीय प्रशासनिक सेवा (आचरण) नियमों के भी विरूद्ध है । इस निर्णय से साम्प्रदायिकता की बू आ रही है । इस फैसले से सरकारी सेवाओं का पूरी तरह से साम्प्रदायिकरण हो जाएगा । जबकि संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक संप्रभु और एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना गया है । गुजरात की भाजपा सरकार का यह फैसला

प्रशासनिक सेवाओं की तटस्थता को समाप्त कर देगा और यह पूरी तौर पर राजनीतिक तथा सांप्रदायिक निष्पेक्षा के सिद्धांत के खिलाफ और विरुद्ध जाता है । गुजरात की सरकार ने प्रशासन का भगवाकरण करने का एक प्रयास किया है और इस भगवाकरण के प्रयास मात्र से ही सरकारी कर्मचारियों के मन में यह भय व्याप्त हो गया है कि अगर उसने आर.एस.एस. की शाखा में शामिल होने का काम नहीं किया, अगर उसने इसमें भागीदारी नहीं की तो उनका बहुत भारी उत्पीड़न किया जाएगा । अब उनके मन में यह भय व्याप्त हो गया है कि जो उनकी एक देश की सेवा करने की शानदार परंपरा थी शायद अब उसको बरकरार नहीं रख सकेंग क्योंकि वे अब किसी भारत सरकार के कर्मचारी नहीं रह पाएंगे बल्कि वे किसी संस्था या किसी साम्प्रदायिक संस्था के कर्मचारी मात्र रह पाएंगे । यह देश के लिए बड़ा घातक साबित होगा ।

देश के प्रधान मंत्री जी ने गुजरात सरकार के फैसले का अनुमोदन करके कहा कि गुजरात सरकार का फैसला बिल्कुल सही है क्योंकि आर.एस.एस. एक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है, यह कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है । इसलिए उसकी गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के हिस्सा लेने में किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होनी चाहिए । लेकिन महोदया,जहां तक मुझे मालूम है ...(**समय की घंटी**)

उपसभापति : एक मिनट ।

श्री सरोज दुबे : यह तो अभी शुरू नहीं हुआ है । फर्स्ट गियर में चल रहे थे ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : I have to put the reverse gear now. Today I am behaving like a computer. I have to go by the record. महिलाएं और पुरुष सब बराबर हैं आज । We want equality.

श्री सरोज दुबे : मैडम, आर.एस.एस. एक ऐसा संगठन है जो भाजपा को जनसंगठन की तरह संचालित करता है । आर.एस.एस. सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन होने की आड़ में भाजपा की राजनीति को चला रहा है । प्रशासन की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए क्या इतना ही कारण काफी नहीं है? भाजपा हमारे देश की एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो संप्रभुत्व देश के शासन के संचालन का दावेदार होते हुए भी खुद संप्रभु नहीं है क्योंकि वह अपने बाहर के एक संगठन से संचालित होती है और वही एक संगठन आर.एस.एस. देश में महज एक सांस्कृतिक और सामाजिक सत्ता होने का दावा करने वाला ऐसा संगठन है जो भाजपा को अपने दाहिने हाथ की तरह से संचालित करता

है और उस भाजपा सरकार का रिमोट उसके हाथ में है । भाजपा का बुनियादी लक्ष्य हिंदू राष्ट्र की स्थापना है । "हिंदू राष्ट्र" की यह मांग एक समुदाय के रूप में हिंदुओं का बोलबाला बढ़ाने तथा गैरहिंदुओं के मानवीय अधिकारों का दमन करने तक हो जाती है । महोदया, हमारे देश का, संयुक्त भारतीय राष्ट्र का जो एक आदर्श है वह इससे प्रभावित होता है, हमारा देश, संयुक्त भारतीय राष्ट्र का जो एक आदर्श है वह इससे प्रभावित होता है । हमारा देश विभिन्न भाषाओं धर्मो और जातियों के लोगों का एक विशाल देश है । हमें विरासत में एक मिली जुली शानदार संस्कृति मिली है जो हमारे देश की एकता और अखंडता है वह हमारे लिए एक बहुमूल्य चीज है । आज देश की उसी एकता, अखंडता को खंड-खंड करने की जो साजिश हो रही है यह जो राष्ट्रीय संस्कृति के ठेकेदार आर.एस.एस. के लोग बने हुए हैं उनसे मैं कहना चाहूंगी कि इन्होंने "वाटर" की शूटिंग को रोककर जो सांस्कृतिक प्रदर्शन का एक अधिकार था उसक हनन किया है । मैं इनसे पूछना चाहती हूं कि अगर आप संस्कृति के ठेकेदार हो तो बनारस में विधवाओं पर होने वालों अत्याचारों को देखकर आपका खून गर्म क्यों नहीं हुआ? चन्द रुपयों के लिए अगर घर की बहू एक नवयुवती जिन्दा जला दी जाती है तो क्यों कभी आपका खून गर्म नहीं हुआ? कम उम्र की नादान बच्चियों को बड़े बड़े बुजुर्गो के साथ विवाह करते देखकर कभी भी आपका खून गर्म क्यों नहीं हुआ? भारतीय महिलाओं के ऊपर होते अत्याचारों को देखकर कभी भी आपका खून गर्म क्यों नहीं हुआ? आज आप **...(व्यवधान)...**

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : औरतों से मत लडिए ।

श्रीमती सरोज दुबे : क्या यही हिंदुत्व है आपका?**...(व्यवधान)...** अगर भारत की विधवाओं पर फिल्म बन जाती तो क्या आपकी संस्कृति नष्ट हो जाती **...(व्यवधान)...** भारत की संस्कृति कोई ऐसी चीज नहीं है **...(व्यवधान)...**

श्री नरेश यादव (बिहार) **:** यहीं हिंदुत्व है? यही सच्चाई है । सच्चाई को सुनने को तैयार नहीं हैं मैडम । सच्ची बात को सुनिए **...(व्यवधान)...**

श्रीमती सरोज दुबे : महोदया, देश आज **...(व्यवधान)...**

SHRI B.P. SINGHAL : ... *(Interruptions)* ... It has to be limited ... *(Interruptions)* ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : I am only concerned to keep the time. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सरोज दुबे : मैंने सब खत्म कर दिया **...(व्यवधान)...**

उपसभापति : इसलिए अब आप बैठ जाइये

श्रीमती सरोज दुबे : बस जरा सा, जरा सा ।

उपसभापति : नहीं, बैठ जाइये । ...(**व्यवधान**)... We are already 10 minutes short.

श्रीमती सरोज दुबे : महोदया, मेरा कहना यह है कि देश इस समय बहुत नाजुक दौर से गुजर रहा है, इसलिए मैं भारत सरकार से यह अनुरोध करना चाहती हूं कि इस समय हमें भुखमरी से लड़ना है, देश के अंदर फैली अराजकता से लड़ना है । देश के बाहर जो विश्व समुदाय में हम अकेले खड़े हैं, वहां अपना स्थान बनाना है । हमें देश की समस्याओं से जूझते हुए देश को आगे बढ़ाना है । इस तरह की वाहियात बातों को महत्व देकर आप देश को बांटने की साजिश मत करिए । विश्वविद्यालय में शाखा लगाने की बात कल से शुरू हो गई, कल से सरकारी कर्मचारी हॉफ पैंटा और लाठी लेकर संघ की शाखाओं में जाना शुरू कर देंगे । ...(**व्यवधान**)... तो देश का क्या स्वरूप होगा ? ये प्रतिक्रियावादी ताकतें देश को तोड़ने का काम कर रही हैं । आर.एस.एस. देश की सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था होने के नाम पर देश को भ्रमित कर रही हैं और धर्म के नाम पर दिलों को बांटने का काम कर रही हैं ।

इन शब्दों के साथ, मैं सरकार से अनुरोध कर रही हूं कि इस फरमान को वापस ले लें और देश के कर्मचारियों को निष्पक्ष और तटस्थ रह कर देश की सेवा का काम करने दें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

उपसभापति : श्री रमा शंकर कौशिक । कौशिक जी, आप महिला से एकदम प्रभावित नहीं होइएगा । आप एक अच्छे पुरुष की तरह चार मिनट में बोल दीजिएगा ।

श्री रमा शंकर कौशिक (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभापति महोदया, लेकिन आपने तो कहा कि आप कोई भेदभाव नहीं करती हैं ।

उपसभापति : हां, इसीलिए ही कह रही हूं ।

श्री रमा शंकर कौशिक : तब तो मुझे भी उतना ही टाइम मिलना चाहिए ।

उपसभापति : नहीं-नहीं,कौशिक जी, आप पांच मिनट में बोल दीजिए ।

श्री रमा शंकर कौशिक : माननीय उप सभापति जी, गुजरात सरकार द्वारा राज्य के कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में शामिल होने या हिस्सा लेने के बारे में जारी आदेश को वापस लेने के संबंध में जो बहस हो रही है उसमें सत्ता पक्ष की ओर से यहां भी और बाहर भी जो तर्क-सुनने को मिले हैं वे तीन हैं। एक तो यह कि भारत सरकार इसमें

क्या करेगी, यह तो राज्य सरकार का मामला है । दूसरा यह कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोई राजनीतिक संगठन नहीं है । तीसरा यह कि बहुत से नेताओं ने वक्त-वक्त पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बहुत बड़ाई की है, उसे बहुत अच्छा बताया है । मैडम, जहां तक पहले तर्क का सवाल है यह बहुत ही सीमित काल के लिए और सीमित दायरे में सोच कर हमारे भाईजन या सम्मानित सदस्यगण उस तर्क को रख रहे हैं । सीमित काल खंड इसलिए मैं कह रहा हूं कि बहुत सीमित समय के अंदर की बात को सोच कर कह रहे हैं । आपकी सरकार हमेशा गुजरात में रहने वाली है यह कोई गारंटी नहीं है । हमारी संसदीय व्यवस्था है और इस संसदीय व्यवस्था में और डेमोक्रेटिक व्यवस्था में, लोकतांत्रिक व्यवस्था में कब कौन से सरकार आएगी और वह क्या निर्णय लेगी, यह एक सोचनीय विषय है । इस पर सोचना चाहिए । सीमित मत सोचिए । आगे तक की बात सोचिए । दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि बहुत सीमित दायरें में आप सोच रहे हैं और खाली गुजरात के बारे में सोच रहे हैं । अगर कोई सरकार ऐसी आती है हमारे किसी भी प्रदेश में जो ऐसे संगठन में शामिल होने की अपने राज्य कर्मचारियों को आजादी देती है, जो संगठन संविधान में आस्था नहीं रखता, जो संविधान की शर्तो को नहीं मानता, तो क्या फिर केन्द्र सरकार उसमें दखल नहीं देगी? बहुत से लोगों ने नक्सलवादियों के सिद्धांतों की तारीफ की है कि ये अच्छे उद्देश्य के लिए लड़ रहे हैं । बहुत अच्छी बात है ।लेकिन अगर कोई राज्य सरकार नक्सलवादियोम को आजादी दे दे तो क्या केन्द्र सरकार उसमें हस्तक्षेप नहीं करेगी? अगर आनंदमार्गियों को कोई सरकार छूट दे, दे कि आनंदमार्गी संगठन में राज्य कर्मचारी जा सकते हैं तो क्या केन्द्र सरकार उसमें दखल नहीं देगी ? दखल देना पड़ेगा । अब प्रश्न रह जाता है कि यह राजनीतिक दल है या नहीं, केवल सांस्कृतिक संगठन है, धार्मिक संगठन है । जहां तक मैं जानता हूं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बहुत ही सोची-समझी नीतियां हैं, देश की राजनीति के संबंध में, देश की अर्थ नीति के संबंध में, देश की शिक्षा नीति के संबंध में बहुत ही सुस्पष्ट उसके विचार हैं । हम उनसे सहमत हों या नहीं हों, यह अलग प्रश्न है । हम उनसे सहमत नहीं हो सकते हैं । लेकिन उनके स्पष्ट विचार हैं कि देश की राजनीति कैसे चले । देश हिन्दू राष्ट्र हो । देश में एक ऐसी व्यवस्था हो जो केन्द्रीयकृत हो, फडरल सिस्टम न हो – यह उन कि सोची-समझी बहुत स्पष्ट नीतियाँ हैं । महोदया, मैं उन से सहमत नहीं हूँ, यह बात अलग है, लेकिन उन की नीतियाँ हैं, हर दिशा में उन की नीतियाँ है । स्वदेशी वाले मामले में उन की नीतियाँ हैं जिन में से कुछ मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत अच्छी लगती है ।

उपसभापति : अब आप समाप्त करिए ।

श्री रमा शंकर कौशिक : मैडम, मैं अभी तो दो मिनट ही बोला हूँ।

उपसभापति : नहीं, पांच मिनट हो गए हैं। मैं टाइम देखती हूँ, आप अपना भाषण खत्म करिए।

आप को अंदाजा नहीं होता, जो टाइम-कीपर होता है, उसे अंदाजा होता है।

श्री रमा शंकर कौशिक : मैडम, मैं कह रहा था कि स्वदेशी वाली उन की नीति मुझे अच्छी लगती है, भाषा के संबंध में उन की नीति है। इस तरह जिस संगठन की ये सारी नीतियाँ हमारे जीवन के हर क्षेत्र से ताल्लुक रखती हैं, उन की सुस्पष्ट राय है तो उसे राजनीतिक संगठन नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे वह राजनीतिक है। महोदया, हम भी दूसरे तरीके से काम करते हैं, सारी पार्टियाँ करती हैं - कम्युनिस्ट पार्टी का स्टूडेंट फेडरेशन है, हमारी समाजवादी युवजन सभा है, इसी प्रकार से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मजदूर संगठन है, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है। हमारी पार्टियाँ भी चुनाव लड़ती हैं, लेकिन आर.एस.एस. का चुनाव लड़ने का एक फ्रंट है जिसे भारतीय जनता पार्टी कहते हैं। यह बिल्कुल स्पष्ट बात है। हमने अपने संगठन को ऐसा बनाया है कि हम स्वयं ही चुनाव लड़ते हैं – कम्युनिस्ट पार्टी स्वयं ही चुनाव लड़ती है, लेकिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्वयं चुनाव न लड़कर, जिस ढ़ंग से उसके और संगठन हैं उसी ढ़ंग से 'भा.ज.पा.' को एक संगठन बनाकर वह चुनाव लड़ता है। तो यह कैसे कह सकतसे हैं कि वह एक राजनीतिक दल नहीं है जिस संगठन का चाहे वह सांस्कृतिक हो, अभी नरेन्द्र मोहन जी कह रहे थे कि नाटक वगैरा नहीं करते हैं, नाटक वगैरा की बात छोड़ दीजिए, हमने तो संघ की जिस प्रकार की एक्टिविटीज होती हैं उनमें सिवाय एक बात के कि शाखा में डंडा चलाना सिखाते हैं और वधनखा चलाना सिखाते हैं, इसके अलावा हमने तो ऐसा कुछ नहीं देखा। उन का काम अलग ढ़ंग से चलता है, गुप्त रूप से चलता है और गुप्त रूप से अपना काम चलाने वाले या कार्यवाही करने वाले हमने आज तक दो ही संगठन देखें हैं, मैं आर.एस.एस. का नाम नहीं ले रहा, लेकिन एक तो षड़यंत्रकारी जोकि बहुत सारी चीजें गुप्त रखते हैं, उनकी बैठक गुप्त करते हैं या फिर आतंकवादी ऐसा करते हैं। इसके अलावा कोई दूसरा संगठन मेंने नहीं देखा। मैं आर.एस.एस. को नहीं कह रहा।

उपसभापति : संघ प्रिय गौतम जी।

श्री रमा शंकर कौशिक : गौतम जी, आप बैठिए।

उपसभापति : मैंने उनको बुलाया है, इसलिए कौशिक जी जब आप बैठ जाइए।

श्री रमा शंकर कौशिक : मैडम, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार और माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि कृप्या गुजरात सरकार को कह कि वह इसको वापिस ले ले । इस तरह आप संविधान की रक्षा कीजिए, अपनी संसदीय व्यवस्था को देखिए, बहुत सीमित दायरे में मत सोचिए, बहुत सीमित समय तक के लिए मत सोचिए आगे तक के लिए सोचिए और गुजरात सरकार को मजबूर कीजिए कि वह अपने सर्कुलर को वापिस ले । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री संघ प्रिय गौतम : उपसभापति महोदया, हमारे देश में व्यक्तियों के नाम पर, जाति संप्रदाय के नाम पर, धर्म के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर और भाषा के नाम पर लंबे अरसे से संस्थाएँ बनती रही हैं और बिगड़ती रही हैं । उनके कार्यक्रम, उनके उद्देश्य प्रकाशित होते रहे हैं, लेकिन कभी वह सर्वमान्य नहीं हुए । कोई-न-कोई विवादित बात हमेशा रही है, इसलिए अगर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में भी कोई विवादित बात हमेशा रही है, इसलिए अगर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में भी कोई विवादित बात है तो यह आश्चर्य की बात नहीं । लेकिन परेशानी और कमी हम में यह है कि हम व्यक्ति को, संस्था को, व्यक्ति की अभिव्यक्ति को, उस के वक्तव्य को, प्रस्ताव को और न्यायालय के निर्णय को खंडता में पढ़ते हैं, पूर्णता में नहीं पढ़ते, हमें किसी भी संस्था को पूर्णता में जज करना चाहिए तब हम वास्तविक निष्कर्ष पर पहुँचते हैं । मैडम, मैं सीमित समय में दो-चार बातें कहूँगा । आज पूरे देश में संघ की करीब 25 हजार शाखाएँ लगती हैं । सुबह-सुबह लोग जाते हैं, टहलते हैं, व्यायाम करते हैं, देशभक्ति की बात करते हैं, देश के निर्माण की बात करते हैं । देश भर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के करीब 20 हजार विद्यालय चलते हैं जिनमें माँ-बाप के पैर छुओ, गुरुओं की सेवा करो, शराब मत पियो, व्याभिचार मत करो – ये चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की शिक्षा दी जाती है । और यह सारे संस्थान स्वयं-वित्तीय संस्थान हैं, सरकार से इनके लिए कोई एक पैसा भी नहीं लिया जाता । हमारे देश में करोड़ों लोग आदिवासी हैं, जो जंगलों में रहते हैं उनकी सेवा करने के लिए बनवासी कल्याण योजना के माध्यम से आदिवासियों के लिए अस्पताल चलाकर, विद्यालय चलाकर उनकी सेवा का काम आर.एस.एस. कर रहा है । यही नहीं, हमारे देश में दबे, पिछड़े, कुचले वे लोग जिनको अछूत माना जाता है, बहुत गरीब हैं, उनके बीच में जाकर, उनके बीच में बैठकर , उनको काम दिलाना, उनको शिक्षा दिलाना, इस तरह की सेवा भक्ति के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस देश में गरीबों की सेवा कर रहा है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का निर्माण क्यों हुआ? मैं गुरू गोलवलकर साहब की स्पीच और उनके संबंध में एक क्रिश्चिन की लिखी हुई बात उद्धृत कर रहा हूं "The Philosophy and action of the RSS for the Hind Swaraj" by Anthony Elenjimittam ये कहते है:-

"Of the new mission that awaits the new National Army of the R.S.S. in partitioned, economically bankrupt and internally disorganised India the first and foremost will be to unite, cewment into one solid national block the various warring communities, creeds and castes on the rock of Indianism, which is the highest form of Hinduism." This is what Mr. Golwalker said."

He further added, "The R.S.S. was founded and has been working with a view to revive all that is best in Hindu, i.e., Bharatiya culture and on that sound basis to knit together in bonds of abiding brotherhood the people imbued with the culture of our land. It tries to destroy the fissiparous tendencies in the Hindu society by inculcating the truth of our having a common heritage and making all individuals realise that all apparent variety is but the expression of a common underlying unity..."

मैडम, यही नहीं मेरे मित्र कपिल सिब्बल ने झंडे के बारे में अपना विचार व्यक्त किया, लेकिन गुरू गोलवलकर ने जब पंडित जवाहर लाल नेहरू और वल्लभभाई पटेल को लिखे पत्रों का उत्तर दिया तो उन्होंने क्या कहा? उन्होंने कहा कि :-

'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विषय में, ध्वज के संबंध में अत्यंत प्रयत्नपूर्वक भ्रम फैलाया जा रहा है । संविधान परिषद ने यह निर्णय कर लिया है कि हमारे राज्य का कैसा ध्वज हो । स्वतन्त्रता-प्राप्ति के पश्चात राज्य ने उस ध्वज को स्वीकार किया है और इस कारण वह ध्वज इस देश के नागरिकों का श्रद्धा-भाजन है । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अपना ध्वज है जो कि हिन्दू जाति की सांस्कृतिक एकता-निर्माण करने के उसके उद्देश्य का प्रतीक है और इस कारण वह स्वाभाविकतया पूरातन भगवा ध्वज है जो कि हिन्दू संस्कृति की त्याग और आत्म-समर्पण की भावना का दिग्दर्शक है । सभी गैर-सरकारी संस्थाओं का अपना अलग ध्वज है, कांग्रेस का भी अपना अलग ध्वज है । कांग्रेस का अपना अलग झंडा है तो आर.एस.एस. का अपना अलग ध्वज है । It was also misleading. अब यह विरोध क्यों हो रहा है? ...(**व्यवधान**)... मैडम, यह विरोध क्यों हो रहा है?...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : आप क्यों शोर मचा रहे हैं ?

He is reading from somewhere. It is his speech, except whatever he is reading, Why should you make so much noise?

श्री रमा शंकर कौशिक : आवाज के लिए हम लोग कह रहे हैं कि धीरे बोलिए ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Don't worry about that. He can take care of himself.

श्री रमा शंकर कौशिक : आवाज के लिए हम लोग कह रहे हैं कि धीरे बोलिए।

[Mr. Chairman in the Chair]

महोदय, मैं यह कह था कि –

> "The R.S.S. is gathering momentum; what is worse, it is being given a respectable character."No sooner had Mr. Golwalkar, the R.S.S. Chief, been released than he sprang into prominence. During the last several weeks, he has been publicly greeted by national leaders of the status of Sardar Patel, and Dr. Radhakrishnan; even Pandit Nehru has honoured him by an interview. Mr. R.K. Patil, the Food Commissioner has appealed to him to help him in his food drives: while University Vice-Chancellors have been his hosts at several places. In Poona, he was welcomed by a crowd of more than two lakhs of people; in Delhi his meeting was attended by three lakhs of Government servants who came in R.S.S. uniforms. In Nagpur he was given a most successful reception by the University Union which embraces within its fold the cream of the C.P. Youth; in Jaipur and Amritsar, he was taken in decorated cars through cheering multitudes.
>
> "By any measurement this is a formidable achievement; it shows how within less than a year the discredited R.S.S. is catching popular imagination. It threatens to compete with the Congress itself in our national life; not checked, it will either kill the Congress or absorb the Congress within its fold."

इसलिए आप लोग विरोध कर रहे हैं because the Congress is being killed.

श्री सभापति : आपका टाईम हो चुका है।

***मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी :** सर, वहशत में हरेक नक्शा उलटा नज़र आता है। मजनूं नज़र आती है, लैला नज़र आता है।

श्री संघ प्रिय गौतम : सभापति महोदय, हम इसे कम्युनल कह रहे हैं। मुस्लिम लीग क्या है? वह नाम ही कम्युनल है। वह एक राजनीतिक दल और कांग्रेस उसके साथ एलायेंस करके सरकार बनाती है। इससे ज्यादा कम्युनल और क्या है? आप इसको

5.00 P.M.

कम्युनल कह रहे हैं । तो क्या वह कम्युनल नहीं है? आप जाते हैं मौलान बुखारी के पास ...(**व्यवधान**)...

*__मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी :__ सर, मुझे एक मौका दीजिए

Mr. Chairman, Sir,

MR. CHAIRMAN: Is he prepared to yield?

श्री संघ प्रिय गौतम : पहले मुझे बोलने दीजिए । I am not yielding, Sir.

*MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Point of order, Sir.

मेरा एक प्वाइंट ऑफ आर्डर है । महोदय, इन्होंने अभी कहा कि मुस्लिम लींग एक कम्युनल नाम है । रिकॉर्ड देख लिया जाए । अगर कोई हिंदू लींग बनाए तो क्या कम्युनल हो जाएगा? मुस्लिम लींग एक कम्युनल नाम है, इन्होंने कहा । अगर पार्टी कहा है तो ठीक है । उन्होंने कहा कि मुस्लिम लींग एक कम्युनल नाम है...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : आपका समय हो गया । अब वाईंड-अप कर दीजिए ।

श्री संघ प्रिय गौतम : महोदय, मैं केवल एक-डेढ़ मिनट और बोलूंगा । महोदय, हमारे कुछ मित्रों ने, खास तौर से अलफोन्से साहब ने कहा कि हम आर.एस.एस. से प्रेरणा पाते हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि हम प्रेरणा पाते हैं तिलक से, अरविंद से, सुब्रह्मण्यम भारती से, विवेकानंद से । ये हमारे आदर्श हैं । ये राष्ट्रवादी लोग हमारे आदर्श हैं ...(**व्यवधान**)... दूसरी बात यह है कि जो ये हमारे एलाइज़ हैं, आप कह रहे थे कि डी.एम.के. तेलुगु देशम और दूसरे लोग ...(**व्यवधान**)

SHRI S. PETER ALPHONSE: Sir, I have a point of order.

MR. CHAIRMAN: Let him complete. *(Interruptions).* What is the point of order? ..*(Interruptions)*... He is not yielding. Let him complete.

श्री संघ प्रिय गौतम : ये आर.एस.एस. की वजह से हमारे साथ नहीं आ रहे हैं । ये हमारे साथ इसलिए आ रहे हैं क्योंकि हम राष्ट्र निर्माण की बात करते हैं, हम अच्छा शासन दे रहे हैं और एक स्टेबल गवर्नमेंट दे रहे हैं और देश के भले के लिए दे रहे हैं ।

*Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.

हमारे पास एक उज्जवल छवि का नेता है, इसलिए ये लोग हमारे पास आ रहे हैं ...(**व्यवधान**)

अब जहां तक हमारे लोगों का सवाल है, हिटलर से दोस्ती किसने की थी? कम्युनिस्टों ने की थी ...(**व्यवधान**)... आपने दोस्ती की थी। अरे भाई, वे आपके दोस्त हैं ...(**व्यवधान**) सूप बोले तो बोले, छलनी बोले जिसमें हजारों छेद।

मान्यवर, अन्त में मैं यह कहना चाहूंग कि हमको देखना क्या है। देखना यह है कि आज के युग में जो चरित्र बिगड़ रहा है, देश के प्रति लोगों की निष्ठा कम हो रही है और समाज का विभाजन हो रहा है, इस विभाजन को कौन रोक सकता है, चरित्र निर्माण कौन कर सकता है, राष्ट्रीय भावना को ओत-प्रोत कौन कर सकता है वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कर रहा है। धन्यवाद आपका।

***श्री जलालुदीन अंसारी** (बिहार) : माननीय सभापति महोदय, इस प्रश्न पर काफी बहस हो चुकी है। मैं दो तीन बातों की ओर सिर्फ ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारे भाजपा के कुछ भाइयों ने कहा कि हिन्दू धर्म के खिलाफ बोला जा रहा है। लगता है कि यह सदन का इस्तेमाल भी अपने हित में करना चाहते हैं। विषय है – राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर गुजरात में जो पाबंदी थी गुजरात की सरकार ने पाबंदी उठाकर नए सर्क्यूलर के जरिए वहां के राज्य कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में शामिल होने का निर्णय लिया है – विरोध इस इस बात का है। यहां किसी भी धर्म का विरोध नहीं है। मैं आपको इस सदन के माध्यम से पूरे देश को बताना चाहता हूं और भाजपा के भाई कुछ धर्म-कर्म की बात करते हैं। मालूम होता है कि सारे हिन्दू धर्म की ठेकेदारी यह ले चुके हैं। किसी एक व्यक्ति को, किसी एक दल को किसी धर्म का ठेकेदार होने का कोई अधिकार नहीं है और यह अधिकार भारत की जनता ने आपको नहीं दिया है। मैं कहना चाहता हूं कि श्री जेठमलानी जी ने कल बोलते हुए एक अच्छी बात कही थी इस सदन में। उन्होंने महात्मा गांधी का हवाला देते हुए कहा था कि महात्मा गांधी ने कहा था कि यह देश राम और रहीम का देश है। इस पर किसी को ऐतराज नहीं हो सकता है। लेकिन ऐतराज तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी को है। हमारे माननीय जेठमलानी जी भारत सरकार के न्याय एवं विधि मंत्री हैं उनको विशेष ख्याल रखना चाहिए। यह देश अगर राम और रहीम का है जिसको हम मानते हैं तो इस राम और रहीम के देश में संघ परिवार की मुख्य हिस्सेदारी क्यों है? 1992 में बावरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया ?

*Transl iteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.

गुजरात में जहां इनकी सरकार चल रही है वहां पर चर्च को और बाईबल को क्यों जलाया गया? उडीसा में ग्राहम स्टेंस और उनके दो मासूम बच्चों को जिन्दा क्यों जलाया गया और दारा सिंह जो बजरंग दल का नेता है जो अब जेल में बंद है जिसको आडवाणी जी ने कहा था कि इस पर कोई आरोप नहीं है, इसी सदन में कहा था, इंक्वायरी भी बिठाया गया था...(**व्यवधान**) इसीलिए संघ परिवार का मुखिया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ है और हम यह कहना चाहते हैं कि हमें हिन्दुत्व से कोई विरोध नहीं है लेकिन हिन्दुत्व क्या है । सनातन हिन्दू धर्म ...(**व्यवधान**) सुनिए, श्रीमन,आप नए हैं ...(**व्यवधान**) सनातन हिन्दू धर्म, का संदेश दुनिया में क्या है? संदेश यह है कि वसुधैव-कुटुम्बकम, सर्वधर्म समभाव । लेकिन आडवाणी जी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयं संघ इसको मानती है क्या ? अगर नहीं मानती है तो आपका हिन्दुत्व भारतीय सनातन धर्म नहीं है और उसके हिन्दुत्व में आपका कोई मेल नहीं है । आपका गलत हिन्दुत्व है । सनातन हिन्दू धर्म का जो हिन्दुत्व है वह वसुधैव-कुटुम्बकम का है । सर्वधर्म समभाव का है, आप इसको समाप्त कर रहे हैं भारत की सरज़मीं पर । यही अगर हिन्दुत्व है तो देश की हिन्दू जनता आपके इस हिन्दुत्व को नकारेगी और पुराना जो हिन्दू धर्म है, सनातन हिन्दू धर्म का वसुधैव कुटुम्बकम सर्वधर्म समभाव का संदेश दुनिया में गया है या अभी है, उस पर देश चलेगा । आप उसको तोड़ नहीं सकते हैं,यह मेरा कहना है । इसलिए हम आपसे कहना चाहते हैं कि हिन्दू सनातन धर्म के खिलाफ कोई भी नहीं है । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की जो हिन्दुत्व की विकृत परिभाषा है, उसको इस देश की हिन्दू जनता पसंद नहीं करती है । इतने कर्म के बाद भी आप अकेले तो सत्ता में नहीं आए हैं । ...(**व्यवधान**)... मन्दिर तोड़े, मस्जिद तोडी, भगवान और खुदा को लड़ाया ...(**व्यवधान**)... देश की गद्दी पर अकेले नहीं आए, आप अपने मित्रों के साथ हैं । मैं आपको स्मरण कराना चाहता हूं कि 1977 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दोहरी सदस्यता के सवाल पर, वह प्रबल बहुमत की सरकार टूटी थी । अगर आपने गुजरात सरकार का वह सर्कुलर वापिस नहीं करवाया तो मैं जवाबदेही के साथ इस सदन में कहना चाहता हूं कि आपको इस सत्ता से भी हाथ धोना पड़ेगा और आपके मित्र भी इसी सवाल पर आपको गद्दी से हटा देंगे ।हमको ऎसा विश्वास है । आप सावधान हो जाइये, हम आपको कॉशन करना चाहते हैं । आप गलत काम मत कीजिये । इसी सवाल पर 1977 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गिरी थी, उससे आप सबक लिजिये । इतिहास से सबक लिया जाता है, इतिहास से लड़ा नहीं जाता है लेकिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी इतिहास से सबक नहीं लेती है, इतिहास से लड़ती है । यह गलत है । इतिहास से सबक ले कर उनको काम करना चाहिये। अंत में मुझे कहना है, यह सर्कुलर वापिस कीजिये । यही निवेदन है इस सदन

के माध्यम से । माननीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, माननीय न्याय और विधि मंत्री भी यहां बैठे हुए हैं, आप डबल बात मत कीजिये । हमारे बिहार में एक कहावत है चित भी मेरी और पट भी मेरी, चित भी आपकी और पट भी आपका, यह नहीं चलेगा । एक तरफ आप दुहाई देते हैं कि राज्य का विषय है लेकिन केन्द्र का विषय ऊपर है । लेकिन केन्द्र सरकार चुप है । डबल स्टेंडर्ड बंद कीजिये, डबल स्टेंडर्ड से आप देश को नहीं चला सकते हैं । आप सत्ता के महत्वपूर्ण पद पर बैठे हुए हैं, आपकी जवाबदेही इस देश के प्रति है । ।सरकार किसी भी दल की आए लेकिन सरकार का दायित्व होता है कि वह अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को किसी भी राजनीतिक संस्था में शामिल होने का अधिकार नहीं दे, अगर आप सही मायनों में प्रशासन को प्रशासन के रूप में चलने देना चाहते हैं तो आपको ऎसा करना चाहिये । यह समय की मांग है,इस देश की आवश्यकता है। आप इसका राजनीतिकीकरण मत कीजिये । मैं एक और उदाहरण देना चाहता हूं । माननीय सभापति जी, अपराधियों को ले कर के आप जो खेल खेले, वही अपराधी, जिसको कहते हैं अपराधी का राजनीतिकीकरण और राजनीति का अपराधीकरण वह खेल आप खेले और उनका समर्थन लेने के लिए बड़े बड़े नेता और मंत्री जेल में जा कर के गिड़गिड़ते हैं, उनसे कहते हैं कि शपथ लीजिये । आप इस काम को बंद कीजिये । गलत सब के लिए गलत है और सही सब के लिए सही है । इस आधार पर आप चलिये । इसलिए अंत में मेरा निवेदन है कि आप सदन में वायदा कीजिये गृह मंत्री की हैसियत सेऔर विधि मंत्री की हैसियत से कि गुजरात की राज्य सरकार संविधान के अनुसार, जो संविधान का सब से मजबूत फेबरिक है, सेकुलर डेमोक्रेटिक सेट-अप, इसको कोई तोड़ नहीं सकता । हम आपसे नम्र निवेदन करना चाहते हैं कि उस सर्कुलर को आप वापिस कारइये । यही निवेदन है मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । शुक्रिया ।

MR.CHAIRMAN: Now, Dr. Manmohan Singh.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (DR. MANMOHAN SINGH): Mr. Chairman, Sir, I will not take more than a minute. Sir, by now it should be clear to the Government and to the hon. Home Minister that an overwhelming majority of the Members of this House want the Gujarat Government to withdraw the circular removing ban on the Government servants' participation in the activities of the RSS. An overwhelming majority of the Members of this House belonging to the parties, who are allies of me ruling National Democratic Alliance, would like the Central Government to take suitable measures and persuade the Government of Gujarat to withdraw that circular. I sincerely hope, Sir, that

the Central Government would respect the wishes of this House. And that when the hon. Home Minister replies to the debate, he should categorically state that the Central Government will do its duty by the Constitution and the law, and that it will use all its powers to persuade the Government of Gujarat to withdraw this circular. Nothing short of that categorical statement will satisfy the Members of this House.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मान्यवर सभापति जी, मैं आभार प्रकट करता हूं राज्य सभा का कि इस विषय पर जिस पर काफी गहन मतभेद रहे हैं, अलग अलग वर्गो में खास करके सरकार के पक्ष में और विपक्ष में, उस पर सदन में चर्चा करवायी।

श्री नीलोत्पल बसु : सरकार नहीं, बी.जे.पी. और गैर बी.जे.पी.।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मैं उसका भी जिक्र करूंगा उत्तर में। मैं चाहूंगा कि जो थोड़ा समय मैं बोलूं – बहुत लम्बा बोलने की जरूरत नहीं है क्योंकि दोनों तरफों से काफी बातें हो गयी हैं – मेरी बात सुनें, समझने की कोशिश करें।

मैं आभारी हूं विपक्ष के नेता का जिन्होंने आरंभिक अपने संक्षिप्त वक्तव्य में भी कोई ऐसी बात नहीं कही जो कि किसी दूसरे को ठेस पहुंचाए । अपना दृष्टिकोण बहुत साफ-सुथरे ढ़ंग से प्रभावी ढ़ंग से प्रस्तुत किया। मैं यह जरूर देखता हूं कि आरंभ में उन्होंने जिन शब्दों का प्रयोग किया उनमें हमारे ऊपर ऐसा दोष रखा जैसे मानों हमारी कोई संवैधानिक भूल हुई है। अब उन्होंने उसको थोड़ा सा परिवर्तित करके कहा कि आप अपने प्रभाव का उपयोग करके उनको परसुएड करें जो कि उपयुक्त ही है।

मैं इस प्रश्न के अलग अलग पहलुओं का अगर जिक्र करूं तो सबसे पहले यह कहूंगा कि चर्चा का केंद्र बिंदु सरकुलर है, चर्चा का केंद्र बिंदु सरकारी कर्मचारी – उनका किसी संस्था में भाग लेना – न – लेना इसके ऊपर है। चर्चा का केंद्र बिंदु राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नहीं है, लेकिन बहस जैसी हुई उसमें स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ही चर्चा की गयी जबकि स्वयं विपक्ष के नेता ने भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की चर्चा नहीं की। उन्होंने इतना ही कहा कि इस मामले में यह अनुमति देना – वह एक प्रकार से संविधान का एक मूल तत्व, सेक्युलरवाद जो है, उसके विपरीत है। सिब्बल साहब ने कल भाषण शुरू किया। आज उसका समापन किया। काफी लम्बा था और स्वाभाविक है कि जिस प्रकार से न्यायालय में जेठमलानी जी प्रस्तुत करते हैं, अपना केस, वैसे ही सिब्बल जी प्रस्तुत करते हैं। उसमें थोड़ा सा लम्बापन तो आ ही जाता है। लेकिन समापन करते करते उन्होंने एक ऐसी बात कही। जिस पर मैं विचार करता रहा। कहने लगे कि देश

के आम लोगों के सामने कितनी समस्यायें हैं, देश के सामने कितनी गंभीर समस्यायें हैं। इस बात का दुख है कि इतनी गंभीर समस्याओं के होते हुए भी हम इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं।

श्री कपिल सिब्बल : आपकी वजह से।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : हमारी वजह से नहीं। कह सकते थे ...(**व्यवधान**)... हां, कह सकते थे, मेरी बात पूरी सुनिए, कह सकते थे कि गुजरात सरकार की वजह से और मैं यह कह सकता हूं कि इस प्रकार की चर्चा गुजरात विधान सभा में हो तो सर्वथा उपयुक्त है। लेकिन इस प्रकार की चर्चा अगर संसद में हुई है और वह भी एक ही सदन में, दूसरे सदन में अभी चर्चा नहीं हुई है, उसके अलग कारण हैं। उसका कारण सरकार नहीं है। मैं मानता हूं कि इस विषय पर अगर चर्चा होनी थी तो बहुत सीमित हो सकती थी और उसका निर्णय हमारे जेठमलानी जी और सिब्बल जी ही कर सकते थे,जो उसका संवैधानिक और कानूनी पहलू है। लेकिन जहां तक दूसरा सवाल है, किसी ने मुझसे यह नहीं पूछा कि आपने यह कार्य जो गुजरात सरकार ने किया है, वह यहां क्यों नहीं किया। कल पूछेंगे, मैं तब जवाब दूंगा। लेकिन मैं आज आपको कहना चाहता हूं कि यह सवाल जो है वह गुजरात सरकार ने नहीं शुरू किया। ...(**व्यवधान**)... सभापति जी, मुझे याद है कि 1999 के आरंभ में शायद जनवरी-फरवरी का महीना होगा, इस सदन के ही एक पूर्व सदस्य जिनसे आप सब परिचित हैं, श्री राज मोहन गांधी, वह मुझे मिलने आए और आ करके उन्होंने कहा कि मैं एक काम से आपके पास आया हूं। उनके साथ उनके दो-एक सहयोगी भी थे। उन्होंने जो कहा उसका विषय यह है कि मैं एक संस्था से जुड़ा हुआ हूं जिसका नाम है, मॉरेल री-आर्मामेंट' और उस पर पाबंदी लगाई हुई है कि कोई गवर्नमेंट एम्प्लोयी उसमें नहीं जा सकता।

श्री वायालार रवि (केरल) **:** एम.आर.ए.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : हां, एम.आर.ए.। उन्होंने कहा कि मैं इसके लिए आपके पास आया हूं कि आप उस पाबंदी को हटा लें। मैंने कहा कि मुझे आप अपना ज्ञापन दे दीजिए, मैं देखूंगा और मैंने देखा। मैंने यह पाया कि यह जो पाबंदी है उस पाबंदी का मूल स्रोत यही है। उसमें संस्था अच्छी है या बुरी, इस पर सरकार निर्णय नहीं करती, सरकार का निर्णय करने का इस मामले में जो दृष्टिकोण होता है वह यह होता है कि वह संस्था राजनीतिक गतिविधि में संलग्न है या नहीं। राजनीतिक संस्था न भी हो, औपचारिक रूप से पोलिटीकल पार्टी न भी हो, तो भी अगर पोलिटीकल एक्टिविटी में इन्वाल्व है तो सरकारी कर्मचारियों को उसमें जाने से रोकना चाहिए, क्योंकि यह कल्पना

है कि सरकारी कर्मचारी, ए-पोलिटीकल होना चाहिए, वह पॉलिटिक्स में नहीं उलझना चाहिए, जो कि एक सही दृष्टिकोण है । अच्छा, फिर मैंने तो इतना ही पूछा था कि सरकारी कर्मचारियों में कोई गतिविधि है ? कोई इसकी सरकारी गतिविधि है, क्या कुछ है? मुझे रिपोर्ट दी गई कि यह नहीं है । किसी समय इस पर और इस संस्था के एंटीसिडेंट्स के बारे में , संबंधों के बारे में आपत्तियां वगैरह थीं, इसके कारण पाबंदी लगी थी । लेकिन कोई ऐसी बात नहीं है, अगर आप चाहें तो यह हट सकती है और वह हट गई । परन्तु उसी समय मेरा ध्यान दिलाया गया कि इस मामले में एक-आध संस्था और भी है, जिसके बारे में शायद आपकी दिलचस्पी हो, आपकी रुचि हो या उसके बारे में कुछ कहना हो । मैंने देखा और मैंने कहा कि मुझे पता है, उसके बारे में मैं कुछ नहीं करना चाहता हूं और करने की जरूरत नहीं अनुभव करता हूं । यह बात मैं आज इस सदन में कह रहा हूं,क्योंकि मैं कहना चाहता हूं कि गुजरात सरकार का निर्णय अपना निर्णय है । वह निर्णय केन्द्रीय सरकार से सलाह करके, उनके कहने के अनुसार किया गया निर्णय नहीं है । अगर सलाह करते तो शायद जो विचार मेरे मन में केन्द्रीय सरकार के सर्कुलर के संदर्भ में आया वही मैं उनको बताता । मैं उसका तर्क बताता ।

DR. MANMOHAN SINGH: Sir, can I raise an issue? Sir, in my speech I had referred to....*(Interruptions)*...

SHRI L.K. ADVANI : I am coming to that, You are a respectable leader. I have started with it because I want to make it clear. जब गुजरात की सरकार ने इस विषय में सर्कुलर विदड्रा करने की बात सोची तो उन्होंने गृह मंत्रालय को पत्र लिखा और उस पत्र पर गृह मंत्रालय ने उन को जवाब दिया कि क्योंकि इस पर जो अलग-अलग सर्कुलर्स हैं, उस में कुछ सर्कुलर्स वह हैं जिस में कहा गया है कि यह संस्था प्रतिबंधित है । इसलिए उस में कोई नहीं जा सकता, इत्यादि-इत्यादि । ऐसे भी सर्कुलर्स हैं । तो उन को बताया गया कि जहां तक प्रतिबंधित संस्थाओं का सवाल है, यह प्रतिबंध ट्रिब्युनल ने स्वीकार नहीं किया और इस समय से इस समय तक प्रतिबंधित था और अब प्रतिबंधित नहीं है । लेकिन जहां तक बाकी पहलुओं का सवाल है, आप इस विषय में पर्सनल से संपर्क करिए क्योंकि गवर्नमेंटा एम्प्लाईज के सारे कोऑर्डिनेशन को, कंट्रोल को देखते हैं All that is looked after by the Department of Personnel. उस के बाद उन्होंने पर्सनल को कुछ चिट्ठी लिखी, लेकिन यहां से न सहमति है, न स्वीकृति है and certainly no direction was given as some of the Members said. I would like to make this clear. हां, इतना जरूर है कि कोई उन को मना नहीं किया कि यह मत करो, यह मैं मानता हूं ।...(**व्यवधान**)... उन को मना नहीं किया । ...(**व्यवधान**).. मैं उस पर

आता हूं । मैं उस के इतिहास को देखने लगा, रुचि हुई । जब यह प्रस्ताव यहां पर आया तो मैं इतिहास को देखने लगा । तो देखता हूं कि शुरू से यह कल्पना नहीं है कि यह कम्युनल है, सेकुलरिज्म के खिलाफ है, सांप्रदायिक है या कास्टिस्ट है क्योंकि हिंदुस्तान में ऐसे अनेक कास्टिस्टा ऑर्गनाइजेशंस, सांप्रदायिक आर्गनाइजेशंस हैं जोकि सरकार पसंद नहीं करती, लेकिन उन को भी कभी इस में नहीं लाया गया । कोई भी संस्था रही हो, अच्छी है या बुरी है, इस में नहीं लाया गया और ऐसी संस्थाएं देश में अनेक रही हैं जो आज राजनीतिक पार्टियां नहीं हैं, लेकिन उन के विचारों में एक राजनीतिक दृष्टिकोण झलकता है । अब आर्य समाज है, आर्य समाज एक प्रसिद्ध संगठन है और एक समय तो कांग्रेस पार्टी में आर्य समाज के बहुत सारे लोग थे । बहुत प्रमुख लोग, पुराने-पुराने कांग्रेस के लोग आर्य समाज से संबंधित रहे और आर्य समाज के दृष्टिकोण में अनेक विषयों पर जिन्हें पॉलिटिकल इश्यू कह सकते हैं – वह चाहे भाषा का हो, चाहे कनवर्सन का हो, चाहे धर्म का हो, चाहे किसी भी पहलू का हो । पता नहीं कितनी बातें उन में कही गयी हैं । लेकिन कोई संस्था अगर विचार रखती है, जोकि पॉलिटिकल विचार हैं, उस के कारण वह पॉलिटिकल पार्टी बन जाती है या उस के कारण यह निर्णय लिया जा सकता है कि that it takes part in political activities. यह कम-से-कम कल्पना शुरू से इतिहास देखने से नहीं मिलती । पॉलिटिकल एक्टिविटी क्या है? आश्चर्य की बात हुई मेरे लिए जब मैं ने कहा कि अच्छा मुझे बताओ कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर सरकार ने सब से पहले प्रतिबंध, इस प्रकार का कि सरकारी कर्मचारी उस में नहीं जा सकता , यह कब लगाया गया । तो ढूंढ़कर उन्होंने मुझे बताया कि 1944 में लगाया गया । 1944 का मतलब हमारी सरकार नहीं थी, कांग्रेस की सरकार नहीं थी, यहां अंग्रेज की सरकार थी तब पहली – पहली बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नाम इस में लाया गया कि कोई सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में नहीं जा सकता । अब मैं सोचने लगा कि उन के मन में ऐसी क्या चिंता हो गयी कि यह सेकुलर नहीं है, कम्युनल है या क्या है और फिर देखता हूं कि यह बड़ा विचित्र है । वह कहता है, यह जो आर.एस.ए. का प्रतिबंध है, under the explanation to that clause expression 'political movement' उन दिनों का पॉलिटिकल मूवमेंट का एक्सप्रेशन जो है, रूल 23 गवर्नमेंट सर्वेन्ट्स कंडक्ट रूल्स के एक्सप्लेनेशन में कहा है कि, Under the explanation to that clause, Rule 23 of the Government Servants Conduct Rules says

> "the expression 'political movement' includes any movement or activity tending directly, or, indirectly, to excite disaffection against, or to embarass the Government, as by law

established, and to promote feelings of hatred or enmity between different classes of His Majesty's subjects."

अब यह जो दूसरा हिस्सा है, उसके लिए जरूर कह सकता है कोई, देखो, यह भी इन्होंने कम्युनिलिज्म की बात कही है, लेकिन जो पहला हिस्सा है उसको दिमाग में रखकर के समझ में आएगा कि उस समय का जो अंग्रेज़ शासक था , उसकी चिंता ज्यादा इस बात से थी ...(**व्यवधान**)... मैं केवल तथ्य बता रहा हूं, आपके सामने केवल तथ्य रख रहा हूं और मुझे इस बात से संतोष हुआ कि अगर 1944 में यह बात मानी गई होती कि This is an organization, which is taking part in a political movement. और पोलिटिकल मूवमेंट की परिभाषा यह है कि जिसमें सब आ जाते हैं । वह पोलिटिकल पार्टी में भाग लेते हों, न लेते हों, कुछ हों या न हो, बहुत अच्छी बात है । फिर मुझे इससे ज्यादा आश्चर्य हुआ जब मैंने देखा कि धीरे-धीरे करके जब स्वतंत्रता आई तो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, ठीक है जब प्रतिबंध लग गया 1948 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर, तब तो चूंकि प्रतिबंधित था इसलिए सरकुलर निकल गया, लेकिन बाद में कुछ समय सरकुलर नहीं था और एक समय जब सरकुलर नहीं था, जिसका अभी ज़िक्र यहां पर किया गया, इसी सदन में, चर्चा हुई है और इस सदन में चर्चा होते हुए आपत्ति उठाई गई कि क्यों भाई, हमारे सरकारी कर्मचारियों को इस संस्था में जाने से प्रतिबंधित क्यों नहीं किया गया है? मुझे आश्चर्य उस पर हुआ कि यहां पर आबिद अली साहब थे, इस सदन के सदस्य थे, एक सवाल था और शायद इन 50 सालों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में सवाल एज़ सच वह केवल एक हुआ होगा, मैंने और कोई देखा नहीं । आर0एस0एस0 का जिक्र तो कई बार आया, लेकिन आर.एस.एस. को लेकर ही सवाल पूछा गया हो, ऐसा शायद एक बार ही हुआ । आबिद अली जी ने सवाल पूछा था और उसका केन्द्र बिन्दु यही था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध क्यों नहीं है, सरकारी कर्मचारियों को उसमें जानकी अनुमति क्यों है ? उस समय के गृह मंत्री श्री गुलजारी लाल जी नंदा और उनके राज्य मंत्री श्री जयसुख लाल जी हाथी थे, माधव सिंह सोलंकी जी परिचित हैं अच्छी तरह से, उन्होंने उत्तर दिया कि पोलिटिकल पार्टी कौन है, कौन नहीं है, इसका फैसला हम नहीं करते । इसका फैसला या तो इलेक्शन कमीशन करता है या फिर स्पीकर आफ दि लोक सभा करता है । उन्होंने कहा कि हम नहीं फैसला करते, वही लोग फैसला करते हैं । आबिद अली जी ने पूछा :-

Abid Aliji asked, "Is the RSS included or not in these lists?" Shri Jaisukh Lal Hathi said,

"No, it is not included." Abid Aliji again asked, "Why does the Government not consider it necessary to include the RSS also in this list of political parties? It is for all purposes a political party and Government servants should be precluded from joining the party." Shri Jaisukh Lal Hathisaid, "As Isaid, these lists are prepared by the Election Commission for giving symbols and forrecognizing as political parties on a certain criterion. Similarly, the Speaker of the Lok Sabha also prepares a list and we are guided by these lists. These lists do not include the RSS."

"May I know if the RSS is not a rank communal organization?"

Shri Devki Nandan Narayanan asked, "As such why should not Government servants be banned from taking part in it and why should not school children be prohibited from taking part in the RSS?" Shri Guljari Lal Nanda said, "The question was about political parties and the exclusions from political parties. As to how to evaluate and assess the activities of the RSS is a different question from the point of view of communalism."

मैं इस चीज़ को केवल मात्र प्वाइंट स्कोर करने के लिए नहीं कह रहा,मैं आगे जा सकता हूं, काफी इंटरेस्टिड हैं आप क्योंकि उस समय इस सदन के एक सम्माननीय सदस्य थे, जो इस समय देश के प्रधान मंत्री हैं । उन्होंने भी इसमें भाग लिया है । कामरेड भूपेश गुप्ता यहां पर थे । उन्होंने भी इसमें भाग लिया है । इस सारी चर्चा में जो आर.एस.एस. पर केन्द्रित है और जिसमें वाजपेयी जी ने भी उत्तर दिया है, सबने अपनी-अपनी बात कही है ।

मैं जो बात कह रहा हूं, वह यह है कि इस सारे सवाल का संबंध केवल मात्र इस बात से है कि वह आर्गनाइजेशन पोलिटिकल ऍक्टिविटी करने वाली है या नहीं । It is not related to its views it is not related to its character whether you may like itor dislike it मैं तो इससे आगे बढ़कर कहूंगा । खासकर जब कौशिक जी बोल रहे थे, तब मुझे अच्छा लगा । कौशिक जी ने कहा कि आर.एस.एस. के ये सारे व्यूज़ हैं – स्वदेशी के बारे में, अमरीका के बारे में । और भी दो-चार विषय उन्होंने लिए और उनमें से कुछ बातों से मैं सहमत हूं । मैं जानता हूं कि उनमें से कुछ बातों से हमारे कम्युनिस्ट मित्र भी सहमत होंगे, शायद हमारी सरकार सहमत न हो …(**व्यवधान**)…

*श्री मोहम्मद सलीम : आजकल नहीं है ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : आजकल का सवाल है । इसलिए मैं आपसे यह अपेक्षा करूंगा कि आप कंसनट्रेट करिए बी.जे.पी. पर और सरकार पर और आर.एस.एस. को जरा अलग रखेंगे तो शायद आपका समर्थन ज्यादा हो जाएगा ।

*श्री मोहम्मद सलीम : यही मशवरा आपके लिए भी है । तब सरकार कैसे चलेगी?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मैं तो आपको अनुभव से बताता हूं कि जब जनता पार्टी में हम लोग थे तो जनता पार्टी के लोगों ने जब आर.एस.एस. पर बैठक करना शुरू किया तो उन्होंने अपना ही नुकसान किया और एक प्रकार से purely partisan angle से हमारा बहुत भला किया । जो लोग आर.एस.एस. पर अटैक करके पोलिटिकली हमारा हित करना चाहते हैं, भले ही करो, मुझे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन आप देश का हित नहीं कर रहे हैं ।

आज चार दिन से यह बहस चल रही है । इस बहस का आम जनता से कोई ज्यादा संबंध नहीं है । इसका संबंध आपसे, मुझ से है । कौन स्कोर करता है प्वाइंट्स? हम स्कोर करते हैं या सिब्बल साहब स्कोर करते हैं ...(**व्यवधान**)... अगर संबंध होता तो ...(**व्यवधान**)...

SHRI NILOTPAL BASU: This is a question relating to the State which you represents.

The Home Minister represents that State.

SHRI L.K. ADVANI: I will come to that.

*मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : आज परेशानी यह है कि सरकारी कर्मचारी अगर एक पार्ट बन जाएगा तो इस देश में आम जनता का काम नहीं होगा...(**व्यवधान**)...

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : किस-किस व्यवस्था को इन्क्लूड किया जाए? उसको, जिसके खिलाफ प्रिज्यूडिस है मेरे मन में ? If I come to the conclusion, आज कौशिक जी कह रहे हैं कि आर.एस.एस. कुछ बातों में सरकार के खिलाफ है, कुछ बातों में हमारे पक्ष में है । इसका मतलब है कि उनके पोलिटिकल व्यूज़ भी हैं, they don't amount to political activity. They are not political activity. But what I say

*Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.

is that in this case, so far as the Central Government is concerned, the Central Government 1ms not taken any decision. What the Central Government has been asked to do is कुछ दिन पहले सेंट्रल गवर्नमेंटा के संदर्भ में शिकायत करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता राष्ट्रपति जी से मिले थे और राष्ट्रपति जी से उन्होंने कहा कि इस मामले में प्राईम मिनिस्टर को गुजरात की सरकार को डॉयरेक्शंस इशू करनी चाहिए under articles 256 and 257(1) of the Constitution. और इसके बाद प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रपति जी को जवाब देना था। इसलिए हमने उसको ऐक्ज़ामिन किया। आज इन्होंने रिक्वैस्ट की है कि इस मामले में आप डॉयरेक्शन दीजिए। हमने यह पाया कि यह जो निर्णय है गुजरात सरकार का it is under the Gujarat Civil Services Conduct Rules (1971)."Article 256 of the Constitution provides that the executive power of every State shall be so exercised as to ensure compliance with the laws made by Parliament and any existing laws which apply in that State, and the executive power of the Union shall extend to the giving of such directions to a State as may appear to the Government of India to be necessary for that purpose इसीलिए हमने और आगे स्टडी किया तो पाया कि आर्टिकल 256 और आर्टिकल 257 **…(व्यवधान)…**

SHRI JIBON ROY(West Bengal): Do you suggest all political parties will form such organisations, camouflage themselves and enter the State machinery?

श्री संघ प्रिय गौतम : यह बार-बार खड़े होने से **…(व्यवधान)…**

SHRI L. K. ADVANI: i have not yielded.

MR. CHAIRMAN: He is not yielding.

SHRI L. K. ADVANI: Sir, the Sarkaria Commission has dealt with these two provisions at length, in its document on Central-State Relations. The CPI, the CPI (M) and many of our partners here are today very unhappy that the Indian state under the present Constitution has become over-centralised so much so that in my own experience as Home Minister, the only State which objected....*(Interruptions)*....

SHRI JIBON ROY: That is why you are trying to spread nuisance.

SHRI L. K. ADVANI: They have all been in favour of devolution of greater powers in favour of the States. The NDA, National Democratic

Alliance in its agenda for governance...*(Interruptions)*... Please, I am not yielding... *(Interruptions)*...

SHRI NILOTPAL BASU: When you try to impose article 356 in Bihar... *(Interruptions)*...

SHRI T. N. CHATURVEDI: When the Leader of Opposition speaks they do not interfere, when the Home Minister speaks, why should they interfere?

MR. CHAIRMAN: Let him finish.

SHRI KAPIL SIBAL: Every State Government must respect the Constitution. The hon. Minister should respect the sentiments of this House. This is all technical. He should respect the Constitution. Government must respect the Constitution.

SHRI JIBON ROY: Who will talk of secularism?

MR. CHAIRMAN: Let him complete . his speech. ....*(Interruptions)*.... No, no, let him complete his speech. He has to reply to all the points at the end of his speech. Why are you interrupting in between. Let him complete his speech.

SHRI L. K. ADVANl: Sir, I will not quote the entire Sarkaria Commission Report except saying that it has very clearly said, "A plain reading of the provisions of article 256 shows that the existence of a law made by Parliament or an existing law which applies in that State is the condition precedent, which must be satisfied for the issuance of direction under it." Again and again it has been said that the Constitution was disregarded by the Gujarat Government. I have not been able to find a single provision of the Constitution or a single law that has been disregarded. *(Interruptions)*

SHRI KAPIL SIBAL: We will not accept this.

SHRI L. K. ADVANl: I have with me the formation of a State Government Employees Coordination Committee in West Bengal, which wants the employees to propagate communist ideologies among the employees etc.

SHRI JIBON ROY: This is trade unionism.

SHRI L. K. ADVAN1: I understand it. Should I come to a conclusion that I must interfere in this because of Government employees... *(Interrruptions)...* I will not do it, I will not do it. Though basically, it is trying to influence making the Government employees of West Bengal political. *...(Interruptions)...*

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, I request you to kindly allow me to speak on this issue. You are referring to my State. Hon. Home Minister may kindly take note of the fact that trade unions exist in different States including West Bengal according to the Fundamental Rights guaranteed by the Constitution.

It is a pure and simple trade union movement that you are referring to. My second point, hon. Home Minister, is this. Kindly recall the letter that Jaya Prakash Narain had written to the Prime Minister when you were the Minister of Information and Broadcasting. In that letter, Mr. Jaya Prakash Narain had categorically stated that RSS was a political movement and it was injurious to the interests of the country. Kindly recall that.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : अच्छा है कि इन्होंने जयप्रकाश जी और आर.एस.एस. का जिक्र किया है और एक साथ जिक्र किया है, यह बहुत अच्छा है क्योंकि मेरे जीवन का वह एक बहुत महत्वपूर्ण अध्याय रहा जब मैं भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष के नाते जयप्रकाश जी के मूवमेंट के साथ जुड़ा और उस समय जयप्रकाश जी ने न केवल भारतीय जनसंघ को, लोकदल को, सोशलिस्ट पार्टी को और कांग्रेस को आमंत्रित किया था बल्कि कम्युनिस्ट पार्टीज़ को भी आमंत्रित किया कि आप भी आइए, हमारे इस आंदोलन से जुडिए और हमसे मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लडिए, इलेक्टोरल करप्शन के खिलाफ लडिए, ऎजुकेशनल रिफॉर्म्स के लिए कोशिश कीजिए – आइए, हमारे साथ आइए। उस समय मुझे अच्छी तरह से याद है कि श्री ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद उनसे मिले थे और उन्होंने उनको याद दिलाया, कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि आप आर.एस.एस. को आपने साथ जोड़ रहे हैं। आपको याद होगा कि महात्मा जी की हत्या हुई थी तो महात्मा जी की हत्या के बाद आर.एस.एस. को प्रतिबंधित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर.एस.एस. महात्मा जी की हत्या के साथ जुडी हुई है, इस मामले में ऎसा कहने वालों में आप सबसे आगे थे। तो ऎसा कहने वालों में जयप्रकाश जी सबसे आगे थे और उस समय केवल आर.एस.एस. पर आरोप नहीं लगे थे। कोई भूले नहीं कि महात्मा जी की हत्या के बारें में आर.एस.एस. पर तो आरोप लगे ही थे लेकिन कुछ वर्षो में ऎसे लोगों की भी कमी नहीं थी जिन्होंने सरदार पटेल पर इस प्रकार के आरोप लगाए। चाहे इस प्रकार के आरोप लगाए

हों कि तुमने जान-बूझ कर उपेक्षा की, तुमने इनडिफरेंस किया, तुमने यह किया , वह किया लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन जयप्रकाश जी का यह मत था, उन्होंने सारे तथ्यों को जांच कर और देख कर श्री ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद को जवाब दिया था और कहा था कि आप कपूर कमीशन की रिपोर्ट देखिए । क्योंकि इस सारी बहस में भी महात्मा जी की हत्या की चर्चा आई है, इसलिए मैं इस संबंध में तीन बातें कहना चाहता हूं । पहली यह कि कपूर कमीशन इसीलिए बनाया गया था कि वह देखे कि जो कॉन्सपिरेसी हुई थी, उससे कौन जुड़े हुए थे? जस्टिस जीवन लाल कपूर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उससे कोई संबंध नहीं था ।

दूसरी बात जो बार-बार कही जाती है कि गोडसे जो थे, वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य थे । किसी समय थे, मैं इंकार नही करूंगा , मैं तथ्यों को जानता हूं लेकिन वे शायद सन 1933-34 में इसे छोड़ने के बाद धीरे-धीरे आर.एस.एस. के इतने कटु आलोचक बन गए कि उनके जो अखबार थे "हिंदू राष्ट्र" और "अग्रणी" जो मराठी अखबार थे, उसमें उन्होंने कई एडिटोरियल आर.एस.एस. के खिलाफ लिखे थे ।

तीसरी बात जिसका ज़िक्र कल राम जेठमलानी जी ने किया कि कांग्रेस पार्टी में बैठे हुए कितने लोग हैं जो कभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गए होंगे । कल हमारे राजगोपाल जी कह रहे थे कि हमारे केरल के अच्युत मेनन ... वे तो आर.एस.एस. में नहीं गए लेकिन उन्होंने आर.एस.एस. की तारीफ की । तारीफ करने वाले बहुत सारे लोग हैं, उसमें कोई बात नहीं । कल ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सरला माहेश्वरी : कैसे तारीफ करवाते थे ?...(**व्यवधान**)...

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सभापति जी, मैं इतना जानता हूं कि 1975 में जब जयप्रकाश जी को मैं अपने भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए आमंत्रित करने गया तो उन्होंने मुझे कहा कि मैं प्रजा सोशलिस्ट पार्टी छोड़ने के बाद किसी राजनीतिक पार्टी के मंच पर नहीं गया हूं । ...(**व्यवधान**)...

DR. BIPLAB DASGUPTA: Kindly complete the sentence. *(Interruptions)* Kindly complete the sentence. *(Interruptions)*

DR. MANMOHAN SINGH:Sir, I say with all respect that the hon. Home Minister is trying to confuse the issues. If we follow his train of thought, it leads to a very disturbing conclusion. All that he has said about the RSS, I ask him a pointed question. Is he preparing the ground to remove the ban on the Central Government employees' participation in the activities of the RSS?

SHRI L.K. ADVANI : First of all, I need not say it. The Prime Minister has already said that the Government does not propose to remove this ban. I repeat it. ...*(Interruptions)*... I have said it because 1 do not need... *(Interruptions)*...

SHRI MD. SALIM : The Home Minister is so nationalist... ...*(Interruptions)*...

SHRI L.K. ADVANI : You cannot have it both ways. ...*(Interruptions)*... If I am not willing to.. *(Interruptions)*... I am not yeilding.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : Advaniji, you have misquoted the letter. 1 seek your indulgence to read two lines.

SHRI L.K. ADVANI : I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : Sir, I had referred to Jaya Prakash Narain's letter. The Home Minister is misquoting it. ...*(Interruptions)*...

SHRI E. BALANANDAN(Kerala): Sir, in protest, we are walking out from the House.

(At this stage, some hon. Members left the Chamber)

श्री सुरेश पचौरी : सभापति महोदय, हम मंत्री जी के आर.एस.एस. के बारे में दिए गए वक्तव्य से संतुष्टा नहीं हैं लिहाजा हम सदन का बहिर्गमन करते हैं ।

(At this stage, some hon. Members left the Chamber)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : Sir, let me put it on record that Shri Advaniji is misquoting the letter of Shri Jaya Prakash Narain. He had categorically said, "RSS is a political organisation working against the interests of the nation." The Home Minister is misleading the House.

SHRI T.N. CHATURVEDI : What Shri Gurudas Das Gupta is quoting is not correct. ...*(Interruptions)*...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : 1 am ready to quote, but he is not yielding. He is misleading the House. ...*(Interruptions)*... The Home Minister is misleading the House. ...*(Interruptions)*...

(At this stage, some hon. Members left the Chamber)

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सभापति महोदय, विपक्ष के लोगों ने जब से यह

सवाल उठाया है यह बात साफ हो गई है कि उनका उद्देश्य देश में सेकुलरवाद को इतना मजबूत करना नहीं है जितना उन्हें लगता है कि वे पोलिटिकल इंस्ट्रूमेंट के द्वारा सरकार को कमजोर कर सकते हैं । गुजरात में वहां की सरकार को कमजोर कर सकते हैं । मुझे लगता है कि जहां तक गुजरात की सरकार का सवाल है उन्हें उस बात का उत्तर पहले ही प्राप्त हो चुका है क्योंकि अभी-अभी वहां पर विधानसभा के दो उपचुनाव हुए हैं और दोनों सीटें जो कांग्रेस पार्टी के पास थीं.....

श्री ललित भाई मेहता : पचास साल से कांग्रेस पार्टी के पास थीं ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : दोनों सीटें इस बार पचास साल बाद वे गंवा चुके । एक सीट भारतीय जनता पार्टीइ को प्राप्त है, एक सीट निर्दलीय सदस्य को प्राप्त है । उनके मन में शायद यह आशंका है कि हमारे साथ जो सहयोगी दल आए हैं राष्ट्रीय स्वयं संघ के माध्यम से या दूसरे सवाल उठाकर हमारे और उनके बीच में भेद पैदा कर सकते हैं । कल हमने देखा कि जब भी कोई ए.डी.एम.के. का सदस्य बोला तो स्वाभाविक रूप से उन्होंने डी.एम.के. की ओर इशारा कर दिया और डी.एम.के. ने चर्चा शुरू की । मैं उनको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि I can assure them that even in regard to this political strategy they are going to fail. It is not manipulation that has brought us to the present position. No. It is an earnest effort to appeal to the people at large in the country, combined with an earnest appeal to the political parties and political colleagues who ideologically differ from us to make them realise that in public life, if ideology is important, idealism is no less important. Even if you don't agree with the ideology of the BJP, the idealism of the BJP leadership, the idealism of BJP cadres is something on the basis of which if you entrust the Central Government of this country to a BJP-led coalition, the governances will be a good governance. It will be a honest government, and we can only assure you that so long as we are in the office of the Centre, we shall see to it to do that ideological issues are kept aside and we proceed on the basis of an agreed common programme, which we described as the National Agenda. I myself sometimes wonder the kind of response this party and our effrts have received. After all, in 1996, we became the largest single party in the Lok Sabha. On the basis of that, Rashtrapatiji, then invited Shri Atal Behari Vajpayee to form a government. At that time, apart from the Shiv Sena, who were our allies during even the elections or apart from the Akali Dal, which decided to support us immediately after the elections, no other party was willing to touch the BJP with a barge pole.

Between 1996 and 1998, thanks to the remarkable leadership that this country has seen in Shri Atal Behari Vajpayee, and thanks to the sincere efforts made by all our party units to make the other parties realise that if we want to give this country a good stable government, this is the only course; and we succeeded in that. Because we succeeded in that, the RSS issue has been raised all of a sudden. So far as the issue itself is concerned, if the Gujarat Government had consulted me in this regard, maybe, I might have said what I wanted to say, what I did at the Central level. I might have advised them, I do not know. It all depends on what really prompted them to do so. It may be very well, as my colleague was saying yesterday, that basically there is nothing wrong. RSS, as he said, is a reservoir of good character, is a reservoir of patriotism. I have been a Member of the RSS since the age of 14. I was fourteen years old when I first went to a RSS shakha, and since then I would say that if anyone sees any merits in me, plus points in me, most of them, I have earned from the RSS or from my parents.

My friends have gone away, and I would have pointed out to them that after the formation of this Government in 1998, the first official function that I had to perform was to go to Trivendrum for the funeral ceremony of Comrade EMS Namboodiripad. Surjeet was there, the Chief Minister of Kerala, Nayanar, was there and Antony was there. I recall that I mentioned these two words there also — ideology and idealism. I said that it happens that EMS Namboodiripad was a General Secretary of the Malabar Congress and Dr. KB Hedgewar was the General Secretary of the Vidarbha Congress. Both of them were senior members of the Congress Party. In the Congress Party itself, before 1947, there were people who subscribed to Gandhiji's ideology, others who subscribed to Netaji's ideology, others who subscribed to Nehru's ideology, and there were people who subscribed to K.D. Malviyaji's ideology or Sampoornanandji's ideology. These ideologies co-exhisted, just as EMS Namboodiripad and Dr. Hedgewar co-exhisted in the Congress Party. The common link was idealism, patriotism and character. And, it is idealism, patriotism and character which the RSS has been trying to instil in every citizen of the country, and I see no reason why anyone should complain against the RSS. In fact, it would be to their advantage to attack us. After all, we are in the Government and we, being in the Government, are likely to commit mistakes, we are likely to slip here and there. If they attack us, if they attack the BJP, if they attack my political party, I could understand it fully. But this kind of needless maligning of the RSS that goes on day in and

day out, the kind of distorted quotations that were given in respect of Dr. Hedgewar or Guruji, are totally out of place, improper and serve no purpose. It has become obvious that the entire game was totally politically, the entire purpose of raising" this issue was political. It is good that a discussion nonetheless has taken place for these four days. I was referring to Jai Prakashji's objection. It would be in place to mention that when I went to invite him for the plenary session of the Bhartiya Jan Sangh in 1975 ~ I was the president at that time — he first expressed his reservations and said, "I have never been to any political platform after my parting company with the PSP and joining the Sarvodya Movement. But today I will come." And because he had seen not only the Jan Sangh, but he had also seen the RSS from close quarters, particularly in Bihar, the resounding words that he spoke at that session, are resounding even today, echoing even today. He said, "People tried to dissuade me from coming to this conference and addressing the Jan Sangh session. They said that Jan Sangh and RSS are fascists, they are communal. I would like to say that if Jan Sangh and RSS are fascists and communal, Jai Prakash Narayan is also a fascist and communal." These are the words that he spoke on that day. I am sure those who have come close to the RSS, see it from close quarters - they may be scoffing from a distance -but gradually everyone who has come to see the RSS from close quarters, remains to praise. Gandhiji himself was a witness to the Wardha camp way back in 1934-35. So were Jai Prakash and Dr. Lohia. There are so many such cases who from outside were severe critics. And, therefore, when my colleague from Gujarat recalled what Madhavsinh Solanki had said when he was Chief Minister, I was very happy to hear Madhavsinh Solanki practicall endorsing that he had said; and he is not happy with the work the RSS is doing. But Basically, the kind of sayam Sevaks whp are there in the RSS. they could certainly make one organisation proud, they would certainly contribute greatly to the growth of the nation and the growth of the State. It was in that context perhaps our Sardar Patel had at one time written to Venkatraman Shastri, who was mediating between the RSS and the Government in respect of the constitution of the RSS, "I would like you.." namely, Venkatraman, "to advise the RSS to join the Congress Party. The Congress Party is in a chaos and by RSS people joining the...*(Interruptions)*... "Reform the party from within." That was the quotation that he gave and ...*(Interruptions)*... As far as I can recall, there was a resolution passed by the AICC sometime later inviting RSS to join the

Congress Party. Subsequently that resolution was revoked or changed. But in substance I would say that this decision of the Gujarat Government has been taken by the Gujarat Government in its own wisdom. We see no reason why any Constitutional directive should be given to the State Government in this regard. ..*(Interruptions)*... We have no power to give. ..*(Interruptions)*.. So far even earlier circular used the word "advised". In this case I can only leave it to the judgement of the State Government. Whatever they do in their own wisdom after taking congnizanze of that has happened and all that has been said, it would be for them to decide. That is all that I can say.

THE CHAIRMAN: The House is adjourned till 11.00 AM tomorrow.

The House then adjourned at fifty-nine minutes past five of the clock, till eleven of the clock on Friday, the 3rd March, 2000.